Seventeenth Loksabha

>

Title: Combined discussion on the Supplementary Demands for Grant 'First Batch ' 2020-21 and Demands for excess Grants (2016-17).

माननीय सभापति: मद संख्या 16 और 17 अब सभा में अनुदानों की अनुपूरक मांगों तथा अतिरिक्त अनुदानों की मांगों को एक साथ चर्चा के लिए लिया जाएगा। अनुपूरक मांगों पर प्रो. सौगत राय जी के चार कटौती प्रस्ताव परिचालित किए गए हैं।

(व्यवधान)

माननीय सभापति: यदि वह अपने कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत करना चाहते हैं तो पन्द्रह मिनट के भीतर सभा पटल पर पर्ची भेज दें, जिसमें उन कटौती प्रस्तावों की संख्याएं लिखी हों जिन्हें वह प्रस्तुत करना चाहते हैं।

इस प्रकार प्रस्तुत किए गए कटौती प्रस्ताव की क्रम संख्याओं को दर्शाने वाली सूची कुछ समय के पश्चात् सूचना पट्ट पर लगा दी जाएगी।

(व्यवधान)

माननीय सभापति: यदि माननीय सदस्यों को उस सूची में कोई विसंगति मिले तो वह उसकी सूचना तत्काल सभा पटल पर मौजूद अधिकारी को दे दें।

(व्यवधान)

माननीय सभापति: प्रस्ताव प्रस्तुत हुए**:**

" कि सिविल मंत्रालयों से संबंधित अनुदानों की अतिरिक्त मांगों की सूची के स्तम्भ 2 में दर्शाए गए मांग शीर्ष संख्या 13, 21 और 23 के संबंध में 31 मार्च, 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष में संदाय के दौरान हुए खर्चों की अदायगी करने हेतु अनुदानों की अतिरिक्त मांगों की सूची के स्तंभ 3 में दर्शायी गयी राजस्व लेखा तथा पूंजी लेखा संबंधी राशियों से अनधिक संबंधित अतिरिक्त राशियां भारत की संचित निधि में से राष्ट्रपति को दी जाएं। "

और

" कि अनुदानों की अनुपूरक मांगों की सूची के स्तम्भ 2 में दर्शाये गए मांग शीर्ष संख्या 1,2,4,5, 7 से 9, 14 से 16, 18, 20, 23 से 27, 29, 32, 34, 39 से 44, 48, 51 से 53, 57, 59, 61, 63, 65, 67, 70, 71, 73, 75, 76, 83 से 88, 92, 94, 95, 97, 98, 100 और 101 के संबंध में 31 मार्च, 2021 को समाप्त होने वाले वर्ष में संदाय के दौरान होने वाले खर्चों की अदायगी करने हेतु अनुदानों की अनुपूरक मांगों की सूची के स्तम्भ 3 में दर्शायी गई राजस्व लेखा तथा पूंजी लेखा संबंधी राशियों से अनधिक संबंधित अनुपूरक राशियां भारत की संचित निधि में से राष्ट्रपति को दी जाएं। "

माननीय सभापति: श्री अधीर रंजन चौधरी जी

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR): Madam, the House is not in order. Kindly bring the House in order … (*Interruptions*). नहीं, ऐसे कैसे हो सकता है? आप मंत्री जी को कहिए की ...** क्या अभी हमारे …* हैं? क्या यहां … * हैं? सदन के अंदर इन लोगों के खिलाफ ... ** होता है, सदन के अंदर … * के खिलाफ ... ** की क्या जरूरत थी? नहीं, हमें बोलने का मौका दीजिए । (व्यवधान) हमारी भी मांग है, अगर आप सदन चलाना नहीं

चाहते तो अलग बात है। आप हमारे पर ... ** मत किया करो, हमारे पर ... ** नहीं करो । (व्यवधान)...माननीय सभापति जी, इन लोगों की बात भी सुनी जाए । (व्यवधान) अगर आप जबरदस्ती सदन चलाना चाहती हैं तो अलग बात है । (व्यवधान)

माननीय सभापति: माननीय अधीर रंजन जी, अगर आप नहीं बोलेंगे तो मैं श्री जयंत सिन्हा जी को बोलने के लिए कहूंगी ।

श्री जयंत सिन्हा जी ।

(व्यवधान)

श्री जयंत सिन्हा (हज़ारीबाग): माननीय सभापति जी, मैं सर्वप्रथम आप लोगों को याद दिलाना चाहूंगा कि कल 17 सितम्बर को हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री जी का जन्मदिन था। (व्यवधान) इस दिन हज़ारीबाग के झंडा चौक और रामगढ़ के सुभाष चौक पर आम जनता केक बांट रही थी, मिठाई बांट रही थी। आम जनता यशस्वी प्रधान मंत्री जी को अनंत शुभकामनाएं दे रही थी, परमेश्वर से प्रार्थना कर रही थी कि वह सदैव स्वस्थ रहें और जिस प्रकार से उनका नेतृत्व और मार्गदर्शन देश को मिलता रहा है, मिलता रहे। जनता न सिर्फ हज़ारीबाग और रामगढ़ में यह कर रही थी, बल्कि देश भर में माननीय प्रधान मंत्री जी को शुभकामनाएं दी जा रही थीं। (व्यवधान)

महोदया, आपको मालूम है और हम सबको भी मालूम है कि आज किस गंभीर परिस्थिति से देश गुज़र रहा है। पूरे विश्व में कोविड का एक तूफान चल रहा है। हम कोविड की महामारी से त्रस्त हैं। हम जब इस तूफान से गुज़र रहे हैं, अगर आप विश्व भर में देखें, सब देशों का मुआइना करें तो हमें नज़र आता है कि हम (व्यवधान)

माननीय सभापति: सभा की कार्यवाही पांच बजे तक के लिए स्थगित होती है।

16.27 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Seventeen of the clock.

-

-

-

17.01 hrs

The Lok Sabha reassembled at One Minute past Seventeen of the Clock.

(Shrimati Rama Devi *in the Chair*)

(व्यवधान)

माननीय सभापति: आप पहले बैठ जाइए ।

(व्यवधान)

माननीय सभापति: आप सभी अपनी सीट पर बैठ जाइए ।

(व्यवधान)

माननीय सभापति : सभा की कार्यवाही पांच बजकर तीस मिनट के लिए स्थगित की जाती है ।

17.02 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Thirty Minutes past

Seventeen of the Clock.

17.31 hrs

The Lok Sabha reassembled at Thirty One Minute past Seventeen

of the Clock.

*(*Shri Rajendra Agrawal *in the Chair)*

(व्यवधान)

(At this stage Shri D.K. Suresh and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.)

(व्यवधान)

माननीय सभापति : आप बैठ जाइए। मेरा माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि आप अपनी जगह पर बैठ जाइए। यह अपनी सुरक्षा के लिए और सभी की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। यहां पर जो व्यवस्थाएं की गई हैं, उनका कृपा करके पालन कीजिए।

(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Please be seated in your seats. Please go back to your seats.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति : आप देखिए, ये सभी व्यवस्थाएं इसलिए की गई हैं, क्योंकि आप सुरक्षित रहें। आप जानते हैं कि यह सत्र विशेष परिस्थितियों में आयोजित हुआ है। आपको सारी व्यवस्थाएं दी गई हैं। ऐसा पहली बार हो रहा है।

(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Please cooperate with the Chair.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति : मेरा आपसे अनुरोध है कि सदन की कार्यवाही को चलने दें। आप प्लीज बैठ जाइए। आप अपनी बात अपनी सीट से कहिए। प्लीज बैठिए।

(व्यवधान)

माननीय सभापति: सभा की कार्यवाही छ: बजे तक के लिए स्थगित होती है।

17.32 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eighteen of the clock.

18.00 hrs

The Lok Sabha reassembled at Eighteen of the Clock.

(Shri Rajendra Agrawal *in the Chair*)

(व्यवधान)

माननीय सभापति: आप लोग प्लीज बैठ जाइए।

श्री जयंत सिन्हा जी।

श्री जयंत सिन्हा (हज़ारीबाग): सभापति महोदय जी, जब सदन की कार्यवाही स्थगित हुई। (व्यवधान)

18.01 hrs (Hon.Speaker *in the Chair*)

माननीय अध्यक्ष : जयंत सिन्हा जी, आप अपनी भाषण जारी रखें।

श्री जयंत सिन्हा (हज़ारीबाग): अध्यक्ष महोदय, जब सदन की कार्यवाही स्थगित हुई, तो मैं बस यही बता रहा था कि कल जब परम आदरणीय प्रधान मंत्री जी का जन्म दिन था, तो हमारे हजारीबाग में, रामगढ़ में, देश भर में, सभी लोग चौक-चौराहे पर खड़े होकर केक काट रहे थे, मिठाइयां बांट रहे थे, फल बांट रहे थे और माननीय प्रधान मंत्री जी को अनंत शुभकामनाएं दे रहे थे। वे परमेश्वर से प्रार्थना कर रहे थे कि उनकी सेहत स्वस्थ रहे, ठीक रहे और हम लोगों को उनका जो मार्गदर्शन और नेतृत्व मिल रहा है, वे मिलते रहें।

अध्यक्ष महोदय, हम लोग बहुत ही गंभीर परिस्थितियों से गुजर रहे हैं। पूरे विश्व में कोविड-19, वैश्विक महामारी फैली हुई है। पूरे विश्व में एक तूफान सा फैला हुआ है और पूरी दुनिया इस तूफान से गुज़र रही है। अध्यक्ष महोदय, यह हमारा सौभाग्य है कि इस तूफान में देश की नैया एक ऐसे मांझी के हाथ में है, जो हम लोगों को सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की ओर लेकर जा रहे हैं।

अध्यक्ष महोदय, जब दूसरे देशों के प्रधान मंत्रियों और प्रेसिडेंट्स की लोकप्रियता के ग्राफ को देखा जाता है, तब आज के समय में सबकी लोकप्रियता कम होती जा रही है, घटती जा रही है, लेकिन हमारे परम आदरणीय प्रधान मंत्री जी की लोकप्रियता बढ़ती चली जा रही है, क्योंकि उन्होंने इस आपदा को अवसर बनाया है। हम

लोग देश को सिर्फ बचाने में नहीं लगे हुए हैं, बल्कि हम लोग देश को बदलने में भी लगे हुए हैं। हम लोग आज जिस सप्लीमेंट्री डिमांड्स फॉर ग्रांट्स पर चर्चा कर रहे हैं, उसे सिर्फ टेक्नीकल नज़रिये से नहीं देखा जाना चाहिए। इसे हम लोग सिर्फ एक टेक्नीकल डॉक्यूमेंट न माने।

माननीय अध्यक्ष महोदय, यह आत्मनिर्भरता के लिए एक घोषणा पत्र है। माननीय प्रधान मंत्री और माननीय वित्त मंत्री जी ने जिस नेतृत्व और कुशलता के द्वारा इस दस्तावेज को तैयार किया है और हमारे समक्ष प्रस्तुत किया है, यह मेरा सौभाग्य है कि मैं आज इसे थोड़े विस्तार से आपको और पूरे सदन को बताना चाहता हूं। मैं आपके माध्यम से देश के सामने कुछ बातें रखना चाहता हूं। हमें इसके लिए सबसे पहले कुछ आंकड़ों को समझना होगा। माननीय वित्त मंत्री जी ने जब फरवरी माह में बड़ी कुशलता से बजट को पेश किया था, तब उन्होंने हमें यह बताया था कि बजट में सरकार के खर्चे 30.42 लाख करोड़ रुपये होने वाले हैं। अब हम लोग सप्लीमेंट्री डिमांड्स फॉर ग्रांट्स में 2.35 लाख करोड़ रुपये की डिमांड्स प्रस्तुत कर रहे हैं, जिसमें 1.66 लाख करोड़ रुपये अतिरिक्त खर्चे हैं। अगर हम इतिहास में जाकर देखें, तो देखेंगे कि यह अतिरिक्त खर्चा जो कि 5.4 प्रतिशत यानि 1.66 लाख करोड़ रुपये हैं, जो कि 30 लाख करोड़ रुपयों का 5.4 प्रतिशत है। इतिहास में जब इस प्रकार का सप्लीमेंट्री आता है, तो इतनी बड़ी राशि 5.4 प्रतिशत की मांग कभी हुई है कि नहीं हुई है।

अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्यों को यह बताना चाहूंगा कि अगर हम फिस्कल 2018 या 2019 देखें, तो सप्लीमेंट्री में लगभग 11 हजार करोड़ रुपये ही मांगे जाते थे। हम लोग इस बार 2.35 लाख करोड़ रुपये मांग रहे हैं, क्योंकि हम लोग इस दस्तावेज के द्वारा देश का नक्शा और दिशा दोनों बदल रहे हैं। हम लोग इसे आत्मनिर्भरता की ओर ले जा रहे हैं।

अगर हम लोगों को सर्वप्रथम किसी चीज पर ध्यान देना है, तो हमें इस सप्लीमेंट्री डिमांड्स फॉर ग्रांट्स में स्वास्थ के क्षेत्र में कितना पैसा दिया जा रहा है? पहले डिजास्टर रिस्पांस में 46,602 करोड़ रुपये दिए गए हैं। यह सीधा राज्यों को दिया जा रहा है। इसमें काफी बड़ी राशि दी गई है, जिसे वे कोविड पर होने वाले खर्च में इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके साथ ही साथ अस्पतालों को कोविड प्रिपेयर्डनेस के लिए 6,852 करोड़ रुपये भी दिए गए हैं। इनमें मुख्य रूप से एम्स, लोक नायक जय प्रकाश नारायण आदि अस्पताल हैं। अन्य अस्पतालों को 4,905 करोड़ रुपये दिए गए हैं। आईसीएमआर को डिजास्टर और पैनडेमिक प्रिपेयर्डनेस के लिए 2,475 करोड़ रुपये दिए गए हैं। बॉयोटेक रिसर्च के लिए जिसमें वैक्सीन की तैयारी तेज और बेहतर तरीके से हो सके, उसके लिए 350 करोड़ रुपये भी दिए गए हैं।

अध्यक्ष महोदय, आप देखिए कि किस महानता से इस सप्लीमेंट्री डिमांड्स फॉर ग्रांट्स को पेश किया गया है कि रेलवे कोचेज़ के लिए भी कुल मिलाकर 620 करोड़ रुपये दिए गए हैं। यह दूरदर्शी सोच दर्शाती है कि अगर जरूरत पड़ी, तो हम लोग रेलवे कोचेज़ को भी आईसीयू बनाकर उसका उपयोग कर सकते हैं। वेंटिलेटर्स, मास्क और पीपीई किट के लिए रेलवे कोचेज़ को भी इस सप्लीमेंट्री डिमांड्स फॉर ग्रांट्स में पैसा दिया गया है। इसमें पेन्शनर्स के लिए भी 745 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

कुल मिलाकर स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए करीब 63 हजार करोड़ रुपए, out of the 2.35 lakh crore यानी 28 परसेंट स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए दिया गया है। इसमें कुछ खर्चे हो चुके हैं। इसका क्या परिणाम हुआ? इन खर्चों का इम्पैक्ट और जो तैयारियाँ की गई हैं, इसका क्या इम्पैक्ट हुआ है? महोदय, आपको मालूम है कि 30 जनवरी को हम लोग देश में सिर्फ 10 टैस्ट प्रतिदिन कर पाते थे, सिर्फ 10 टैस्ट और आज के दिन हम लोग 10 लाख टैस्ट प्रतिदिन कर रहे हैं। दुनिया में और कोई नहीं हमारा मुकाबला कर सकता है। हम लोग इतने टैस्ट आज के समय में कर रहे हैं। करीब एक हजार लैब्स हैं, जिनमें से सरकारी लैब्स भी हैं और 600 लैब्स प्राइवेट सेक्टर के हैं। आइसोलेशन बेड्स 22 गुना बढ़े हैं, आईसीयू बेड्स 14 गुना बढ़े हैं। वैक्सीन का डेवलपमेंट बहुत ही तेजी से और रफ्तार से होता जा रहा है। हर जिले में, यहाँ माननीय सांसदगण बैठे हैं, सभी अपने जिले में डिस्ट्रिक्ट हेडक्वार्टर्स पर ध्यान देते हैं। सबको मालूम है कि आज के समय में हर डिस्ट्रिक्ट में टैस्टिंग हो रही है, हर डिस्ट्रिक्ट में कोविड केयर सेन्टर्स खड़े हुए हैं, हर डिस्ट्रिक्ट में आईसीयू और वेंटिलेटर्स तैयार हो चुके हैं। हज़ारीबाग, रामगढ़ आदि सभी जगहों पर हम लोगों ने इसकी तैयारी कर ली है। यह इसलिए किया गया है क्योंकि इन राशियों को हम लोगों ने जिले में देकर कोविड की तैयारी कर ली है।

साथियों, मैं आपको बताना चाहूँगा कि 70 साल में हम लोगों ने अपने देश में सिर्फ 48 हजार वेंटिलेटर्स बनाए। अब हम लोगों ने 70 दिनों में 50 हजार वेंटिलेटर्स तैयार किए हैं। ये तैयारियाँ हम लोगों ने कोविड के लिए की है। (व्यवधान) लाखों लोगों की जिन्दगियाँ बचाई गई हैं। हम लोग आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते गए हैं। हमारे जो कोरोना योद्धा हैं, जो फ्रंटलाइन के हेल्थ केयर वर्कर्स हैं, जो हम लोगों के फ्रंटलाइन के वर्कर्स हैं, जिन्होंने लोगों को बचाया है, देश को चलाया है, हमें उनको धन्यवाद देना चाहिए, उनका आभार व्यक्त करना चाहिए कि उन लोगों ने इतने काम किए हैं।

सीएसआर के तहत कई संस्थाओं ने वेंटिलेटर्स, आईसीयू बेड्स दिए हैं। सीसीएल ने हमारे ही क्षेत्र- नई सराय में एक बहुत बड़ा अस्पताल खड़ा किया है, जहाँ आज के समय में बहुत-से लोगों के इलाज किए जा रहे हैं। अगर सीएसआर और पीएम केयर्स के तहत हम लोगों को यह लाभ नहीं मिलता, तो आज हम लोग कोविड के लिए तैयार नहीं होते। हमारे कार्यकर्ताओं और अनेक सिविल सोसायटीज के आर्गेनाइजेशंस, एनजीओज आदि इन सबने हमारी मदद की है। जहाँ हम लोगों के पास

पीपीई किट्स, मास्क और वेंटिलेटर्स नहीं होते थे, वहीं आज हम लोग इन सभी का एक्सपोर्ट कर रहे हैं। हमारे देश से ये सभी चीजें 'मेक इन इंडिया' के तहत बनाकर 'मेक फॉर द वर्ल्ड' का काम हम लोगों ने किया है। इस प्रकार से, हम लोगों ने आत्मनिर्भरता प्राप्त की है।

अध्यक्ष महोदय, यह मैंने आपको स्वास्थ क्षेत्र के बारे में बताया। हम सबको यह भी मालूम है कि लॉकडाउन के दरम्यान और लॉकडाउन के बाद एक बहुत ही जरूरी मामला था कि जिन लोगों को अनाज नहीं मिल रहे थे, जो लोग भूखे थे, जिन लोगों की जरूरत थी, उन सबको हमें अनाज दिलवाना है और इस सप्लीमेंट्री डिमांड्स फॉर ग्रांट्स में भी आप देख सकते हैं कि किस प्रकार से 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना' के तहत इस देश में हर व्यक्ति को अनाज मिला है। किसी को भूखा नहीं छोड़ा गया है। (व्यवधान) सभी लोगों को जन वितरण प्रणाली के द्वारा, जो माननीय वित्त मंत्री जी ने घोषणा की थी कि हर किसी को अनाज मिलेगा, हर किसी को दाल मिलेगी, उन सभी को दिलवाया गया है। प्राइस स्टैबिलाइजेशन में हमने 6 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया है, फूड सिक्योरिटी में 10 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, गरीब कल्याण योजना के लिए 4,860 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जिससे लोगों को गैस के सिलेंडर्स मिलें ताकि वे अपना खाना गैस पर पका सकें। उज्वला योजना के लिए भी इस सप्लीमेंट्री डिमांड्स फॉर ग्रांट्स में 13 हजार करोड़ रुपए दिए गए हैं।

अध्यक्ष महोदय, जब आपदा आती है, तो आपने पहले जो काम किए हैं, आपके जो पुराने अच्छे-अच्छे सिस्टम्स बने हैं, उनका महत्व हम लोगों को तब पता चलता है। हम लोग मिलजुलकर, माननीय वित्त मंत्री जी उस समय वित्त मंत्रालय में थीं, उन्हीं के नेतृत्व में, माननीय अरूण जेटली जी के नेतृत्व में हम लोगों ने जन-धन योजना शुरू की।

हम लोगों ने हर परिवार को बैंक का खाता दिया। आज जन-धन योजना के तहत हम लोगों ने करीब 30,957 करोड़ रुपये सीधे बैंक्स में लोगों के खातों में दिए हैं। यह जन-धन का कमाल है, जिसके द्वारा हम लोगों ने सबके बैंक खातों में पैसे दिए हैं। नैशनल सोशल असिस्टेंस प्रोग्राम्स जैसे वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन का पैसा भी सीधा लोगों के बैंक खातों में गया है। हम लोगों ने चूंकि तैयारी पहले से ही की हुई थी, सबको हम लोगों ने इन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर लाभ पहुंचाया है। आज के समय जब जरूरत पड़ी, जब यह आपदा आई तो सीधा उनके बैंक खातों में हम लोगों ने ये पैसे पहुंचा दिए।

प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि की भी दो किश्त के चार हज़ार रुपये हम लोगों ने सबके बैंक खातों में डाले हैं। इसके द्वारा जो कई लोगों की मांग थी, कई बड़े अर्थशास्त्री और विशेषज्ञ मांग करते थे कि आप सीधे लोगों के हाथ में पैसे दीजिए। महोदय, अगर हम हिसाब करें और जानना चाहें कि ग्रामीण क्षेत्र में हर परिवार के बैंक

के खाते में इन सब योजनाओं के तहत कितने पैसे आए हैं, अगर उनमें हम एमएसपी और फसल के भी पैसे डाल दें तो कुछ लोगों ने हिसाब किया है, अनुमान लगाया है कि ग्रामीण क्षेत्र के हर परिवार को 10-12 हजार करोड़ रुपये सीधे उनके बैंक खातों में गए हैं। जो अर्थशास्त्री कह रहे थे कि यह पैसा दीजिए, जिससे हम कन्ज़म्पशन को मज़बूत रखें, दुरुस्त रखें, यह भी हम लोगों ने इस सप्लिमेंट्री डिमांड फॉर ग्रांट्स में कर के दिखाया है।

अध्यक्ष महोदय, हम रोज़गार की बात करते हैं। आप सबको मालूम है कि इस देश की रीढ़ की हड्डी हमारा एमएसएमई सैक्टर है। एमएसएमई सैक्टर को तीन लाख करोड़ रुपये के ऑटोमैटिक क्रेडिट के बारे में कहा गया था कि उसका 20 परसेंट उनको और मिलेगा, उस तीन लाख करोड़ रुपये के लिए चार हज़ार करोड़ रुपये का क्रेडिट गारंटी फंड भी इस दस्तावेज़ में है। आज के समय इस तीन लाख करोड़ रुपये का काफी वितरण हो चुका है, लगभग 1.63 लाख करोड़ रुपये का आवंटन हो चुका है। हमने तीन लाख करोड़ रुपये का वायदा किया था, 1.63 लाख करोड़ रुपये का हमने आवंटन किया है और इसके द्वारा हमारे जो एमएसएमईज़ हैं, वे सुरक्षित रहे हैं। हम लोगों ने ठेले वालों से भी कहा कि हम आपको दस हज़ार रुपये देंगे, जिससे आपका कारोबार, व्यापार चल सकता है। इस सप्लिमेंट्री डिमांड फॉर ग्रांट्स में 288 करोड़ रुपये का सब ठेलेवालों के लिए प्रावधान किया गया है। जिन एमएसएमईज़ की डिस्ट्रेस्ड ऐसेट्स हैं, जिनको और पैसे की जरूरत है, उनके लिए भी 250 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

अध्यक्ष महोदय, आपको मालूम है और यह एक दुखद मामला था कि बहुत सारे शहरों में जो मजदूर थे, जिनको घर लौटना पड़ा, उनको भी रोज़गार की जरूरत थी, उनको भी हम लोगों को कोई न कोई साधन देना था। इस डिमांड फॉर ग्रांट्स में मनरेगा के लिए, जिसके लिए माननीय वित्त मंत्री जी ने बजट में 60 हजार करोड़ रुपये दिए थे, उसके लिए 40 हजार करोड़ रुपये और दिए हैं, जिससे जिन लोगों को रोजगार की जरूरत है और जब वे ग्रामीण क्षेत्रों में अपने घर जाते हैं तो इससे हम उनको भी साधन दे सकते हैं, उनका भी संवर्धन कर सकते हैं।

महोदय, हम लोगों के लिए यह बहुत संतुष्टि की बात है कि हमारी अर्थव्यवस्था रिकवर करती चली जा रही है, फिर दुरुस्त होती चली जा रही है, उसमें जो स्पाइक आया था, मनरेगा के यूसेज़ और डिमांड में जो पीक आई थी, करीब छ: करोड़ लोग जॉब-कार्ड लेकर काम कर रहे थे। मुझे लगता है कि इससे पूरे सदन को संतुष्टि मिलेगी कि जो छ: करोड़ लोग मनरेगा में काम कर रहे थे, आज यह संख्या दो करोड़ से कम हो चुकी है, क्योंकि अर्थव्यवस्था अब रिकवर कर रही है, अर्थव्यवस्था को अनलॉक के द्वारा हम लोगों ने और मजबूत बना दिया है।

Sir, there is a particular sector to which I pay great deal of attention. That is the financial sector because as we know, credit is the life blood of the economy and if during this time of COVID-19 pandemic emergency our financial sector suffers and the life blood of our economy is not available, it is very difficult for our economy to recover for companies to get the credit that they deserve, for MSMEs to be able to get working capital loans and also for smaller entrepreneurs to be able to fund their activities and prosper.

So, it is a matter of great satisfaction that in this lot of Supplementary Demands for Grants, if you see the various allocations that have been made to keep our financial sector robust, you will note that it is having, in fact, the intended effect. In the Supplementary Demands for Grants, we have asked for Rs.20,000 crore for recapitalisation bonds for our Public Sector Banks; we have asked for Rs.1,232 crore for a two per cent interest subvention on Shishu loans; and we have asked for Rs.1,000 crore to provide partial credit guarantees for the NBFCs. The sum of all of these is that we are providing this support at a very, very important time. I want to recognise what the Reserve Bank of India has also done in this regard. It is because of their intervention and the close coordination between our fiscal authorities and our monetary authorities, we have stabilised the financial sector.

Mr. Speaker, Sir, you will be very pleased to know that today the G-Sec rate, the rate at which the Government borrows, which is the benchmark rate, the rate at which everybody else in the economy is then benchmarked to and everybody is borrowing, that rate is at a 10-year low. जो लोग ईएमआई दे रहे हैं, जो लोग छोटे व्यापार चला रहे हैं, उन सब लोगों का जिस बेंचमार्क रेट पर ब्याज का दर सेट होता है, आज वह 5.79% है। यह 10 साल लो है। इसको आरबीआई और माननीय वित्त मंत्री जी ने इस प्रकार संभाला है कि ब्याज की दर 10 साल के लो पर 5.79% है।

There was a lot of panic. A lot of people were very worried about what is going to happen in the credit market. Will we have sufficient liquidity for borrowers to be able to get funds for their borrowings? There is sufficient liquidity. It had reached up to Rs.7-8 lakh crore. It has now come down to Rs.3 lakh or Rs.4 lakh crore. And, what is most important is the G-Sec. I spoke about the G-Sec. I said

that the G-Sec is at 5.79 per cent right now. But what is equally important is, we have to understand what is the spread between the G-Sec and the rate at which other borrowers in our economy borrow and those credit spreads are also at historic lows. This is again an example of how well the Government in collaboration with the RBI has managed the credit markets ensuring that there is sufficient credit; sufficient life blood flowing through the economy and thereby stabilising the economy.

Of course, the net result of it is that we are going through a very strong recovery. Now, we can argue whether we have reached 90 per cent or 95 per cent of pre-COVID-19 levels. But I think what the high frequency indicators are telling us is that in many sectors of the economy we are operating at pre-COVID-19 levels or even beyond pre-COVID-19 levels. Today, power usage is at 100 per cent of pre-COVID-19 levels; petrol and diesel consumption is at 100 per cent; e-way bills are over 100 per cent; and e-tolling rates are over 100 per cent. The Index of Industrial Production, steel and PMI is close to 90 per cent right now. Our foreign exchange reserves are at 540 billion dollars while most other developing countries have seen their currencies depreciate. In India, the rupee has actually appreciated against the dollar showing that our macroeconomic stability has not been compromised in any manner. The world still has confidence in India. The world has confidence in our leadership.

जो भारत के नागरिक हैं और जो हमारा विश्वास है कि हम 78 परसेंट पॉपुलैरिटी रेटिंग, अप्रूवल रेटिंग मोदी जी को देते हैं, उसी प्रकार से विश्व भर में हमारी अर्थव्यवस्था की पॉपुलैरिटी को अगर आप देखें, चाहे रुपये के इंडीकेटर से देखें या एफडीआई के इंडीकेटर से देखें तो सब जगह आपको महसूस होगा कि लोग हम लोगों को एक वोट ऑफ कॉन्फिडेंस दे रहे हैं। यह स्वाभाविक है कि जब इतना बड़ा एक तूफान आता है, जब इतना बड़ा संकट और आपदा का समय आता है तो हम लोगों को अपनी प्राथमिकताओं को बदलना पड़ेगा और हमें आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ना पड़ेगा। इसलिए अगर हम इस सप्लीमेंट्री डिमांड्स फॉर ग्रांट्स में देखें तो हम लोग न सिर्फ आपदा से बच रहे हैं, बल्कि देश को बदल भी रहे हैं। वहां भी आपको नजर आएगा कि किस प्रकार से हम लोगों ने आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। ये सिर्फ देश को बचाने के लिए ही नहीं, बल्कि एक नई दिशा देने के लिए भी इस सप्लीमेंट्री डिमांड्स फॉर ग्रांट्स में आपको कई चीज़ें नजर आएंगी
।

अध्यक्ष महोदय, अगर आपने ध्यान दिया होगा तो देखा होगा कि स्ट्रैटेजिक पैट्रोलियम रिज़र्व पर हमने 3,184 करोड़ रुपए का अलॉटमेंट किया है।

Now, let us consider that. We know that oil prices are at their lowest level than they have been historically. At this point, to set aside Rs.3184 crore and put petroleum in reserve for our country demonstrates clearly how we are thinking about *Atmanirbhar Bharat*. जब जरूरत पड़ेगी तो हमारे पास यह रिज़र्व होंगे और इसके लिए भी हमने पैसे का आबंटन किया है। आप दूरदर्शी सोच देखिए कि हम लोग अपना रिज़र्व किस तरह से बढ़ा रहे हैं। एमएसएमई के फण्ड के लिए 500 करोड़ रुपये दे रहे हैं। अंतरिक्ष के लिब्रलाइजेशन के लिए भी हमने कई ठोस कदम उठाए हैं, उसके लिए भी 123 करोड़ रुपये रखे गए हैं। अफोर्डेबल हाउसिंग के लिए 1366 करोड़ रुपये, फिशरीज़ के लिए 560 करोड़ रुपये, फूड प्रोसेसिंग के लिए 140 करोड़ रुपये, लाइव स्टॉक मिशन के लिए 63 करोड़ रुपये, एग्रीकल्चरल इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 180 करोड़ रुपये और एक नयी पार्लियामेंट की बिल्डिंग के लिए भी 500 करोड़ रुपये रखे गए हैं। हम लोग सिर्फ आज के बारे में नहीं सोच रहे हैं, हम भविष्य के बारे में भी सोच रहे हैं। हम एक आत्मनिर्भर भारत, एक नया भारत इस घोषणा पत्र के द्वारा बना रहे हैं। इस तरीके से आप देख रहे हैं कि खर्च तो किया ही जा रहा है, लेकिन देश को भी हम बदल रहे हैं। देश को हम एक नई दिशा की ओर ले जा रहे हैं।

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, आज सदन की कार्यवाही 6 बजे शुरू हुई है। आप सभी को पता है कि असाधारण परिस्थितियों में हम यह सत्र चला रहे हैं। सभी माननीय सदस्य अपनी बात को संक्षिप्त तरीके से कहें तो ज्यादा उचित होगा।

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): महोदय, बहुत सारे मैम्बर्स हैं और दूसरी पार्टी के मैम्बर्स भी हैं और आप इस बात को महसूस करते हैं कि सप्लीमेंटरी डिमांड्स फॉर ग्रांट्स में हर पार्टी के हर मैम्बर की दिलचस्पी होती है, क्योंकि वे अपनी-अपनी बात रखना चाहते हैं। मैं आपसे गुजारिश करूंगा कि अब पौने सात बजने जा रहे हैं, इसलिए आज सात बजे तक सदन में चर्चा हो और कल फिर से इस पर चर्चा हो तो ज्यादा अच्छा होगा, क्योंकि आज बहुत रात हो जाएगी।

माननीय अध्यक्ष : कल नहीं, आज ही चर्चा होनी है।

श्री जयंत सिन्हा: अध्यक्ष महोदय**,** अंत में मैं सिर्फ यही कहूंगा कि परम आदरणीय प्रधान मंत्री जी लाए हैं तूफान से देश की नाव निकाल के**-**

हमें विश्वास है कि मंजिल से आगे बढ़कर मंजिल तलाश करेंगे।
मिल जाएं हमें नदियां**,** समुद्र तलाश करेंगे।
आत्मनिर्भरता के विशाल सागर को पार करके ही विराम करेंगे।

बहुत-बहुत धन्यवाद। भारत माता की जय।

श्री अधीर रंजन चौधरी: सर, "दोपहर तक बिक गया बाजार का हर एक झूठ और मैं एक सच लेकर शाम तक बैठा ही रहा।" हम बैठे हैं और आपको सच बताएंगे। Both the Supplementary Demands for Grants for expenditure for the Central Government and the Demands for Excess Grants for expenditure for the Central Government related to 2016-17 – are deemed to have been moved. I have not found anything to come to the conclusion that some new services have been contemplated. It is a practice that the amount to be voted will be incorporated in the Appropriation Bill. जयंत सिन्हा जी एक बड़े अर्थशास्त्री हैं। मोदी जी को जन्मदिन पर हम सभी की शुभकामनाएं हैं। हम सब चाहते हैं कि प्रधान मंत्री मोदी जी लम्बी उम्र के हों। हम यह बिलकुल चाहते हैं । मोदी जी की पॉप्युलेरिटी की लहर से आप सब की नैय्या पार हो चुकी है । लेकिन जिस पॉप्युलेरिटी की आप बात कर रहे हैं, अब वह नहीं रही है, क्योंकि उन्हीं के फेसबुक पेज पर लाइक से डिसलाइक अब शुरू हो गए हैं ।

Sir, the 2020-21 Budget passed in February, 2020 had estimated an expenditure of Rs. 30,42,234 crore for the year. This is the first Supplementary Demand. The first Supplementary Demands for Grant propose an incremental cash outgo of Rs. 1,66,984 crore, an increase of 5.5 per cent in expenditure over the budgeted estimate. I must admit it.

The Supplementary Demand for funds is about Rs. 1.67 lakh crore, of which Rs. 1.62 lakh crore is the real revenue expenditure. Most of this amount relates to COVID-19 relief announcement made earlier. This amount would be 0.23 per cent of GDP. This contradicts the …* claims of the Prime Minister when he said that India would spend 10 per cent of its GDP as fiscal stimulus. It was a big ... *. The fiscal

stimulus was merely 0.23 per cent of GDP. It is not a surprise that due to lack of any strategic planning, our GDP for the first quarter of 2020-21 contracted by nearly 24 per cent. You have benignly forgotten the contraction of our economy.

The Government has sought an additional amount of Rs. 40,000 crore for MNREGS. This is the real contribution. आप लोग कहते थे कि यह मनरेगा मरेगा। मरेगा तो नहीं, मनरेगा, आप सबको और देश को बचाता है। यह मनरेगा सभी को बचाता है, लेकिन आपने यह अभिशाप दिया था कि यह मनरेगा, मरेगा। तब आप लोग इधर बैठा करते थे। आप लोग हर दिन यह अभिशाप देते थे कि मनरेगा मरेगा, मर गए हैं। देखिए, आज आप लोगों को मनरेगा की तारीफ करनी पड़ती है। (व्यवधान) यह कोई दया नहीं है। यूपीए के जमाने में हमने जिस कानून की व्यवस्था की थी, यह आपकी कानूनी मजबूरी है कि मनरेगा में पैसा डालना है। यह कोई दया नहीं है। यह कानूनी मजबूरी है।

There has been a complete breach of trust by the Centre as far as sharing of revenue with States is concerned. You have blithely forgotten it. There is a revenue deficit of over two lakh crores of rupees that the Centre had to devolve to the States. It has sought only Rs. 44,340 crore as additional fund. This is unconstitutional and a complete betrayal, especially when the States were asked to give up their right to collect taxes. आप लोग तो सेस से कमा लेते हैं, सरचार्ज़ से कमा लेते हैं। सूबे की सरकार क्या खाएगी? वह कैसे चलेगी? वह कैसे कोविड-19 के साथ मुकाबला करेगी? आपका ध्यान उसकी तरफ नहीं है। आप कह रहे हैं कि States have instead been asked to borrow from the RBI. मतलब आरबीआई से जो ब्याज मिलेगा, वह आपके डिविडेंड में तब्दील हो जाएगा। एक तरफ आप सूबे की सरकार को कुछ नहीं देते हैं, फिर यह कहते हैं कि आप बचने के लिए उधार लीजिए। उधार लेने के बाद आरबीआई को जो ब्याज देंगे, आप उसको डिविडेंड पर ले लेंगे। यह बड़ा ही अद्भुत है। It is ironical that States are being made to borrow against their entitlement. लेकिन यह स्टेट का एन्टाइटल्मेंट है। आप उनको बॉरो करने के लिए मजबूर कर रहे हैं। The Central Government is profiteering from the misery of the States.

It is also ironical that only Rs. 2,262 crore is being given to the States under Grants-in-Aid (General) for State Disaster Response Fund. The money collected under the PM CARES Fund is reported to have Rs. 30,000 crore which the PM has sequestered as a private fund.

This exposes the Government's doublespeak and the blatant attempts to expose our federal structure. It also exposes the big … * that Mr. Modi ji spoke before the nation about the fiscal stimulus. You were talking about *Atmanirbhar*. The amount of Rs. 20 trillion Atmanirbhar Bharat Package announced in May had a fiscal cost ranging between Rs. 1.5 trillion and Rs. 2 trillion.

Most of the rating agencies and banks had estimated it. Rs. 98,000 crore have come under the Supplementary Demands for Grants. These reiterate the points that we have been making ever since this Package was announced. Close to Rs. 18 lakh crore is for credit line expansion. You said that there is no shortage of liquidity. This Rs. 18 lakh crore is for credit line expansion and debt restructuring. Only five per cent of the economic stimulus package is the actual expenditure by the Government. This is nothing but a bluff that the Government has tried to pull off.

I am breaking up the Rs. 98,000 crore. Out of Rs. 98,000 crore, which includes Rs. 40,000 crore of additional allocation to the Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme, Rs. 33,771 crore is for direct benefit transfer to the women holders of Pradhan Mantri Jan Dhan account; Rs. 10,000 crore is for food subsidy; Rs. 6,000 crore for setting up Price Stabilisation Fund; Rs. 4,374 crore for PM Garib Kalyan Yojana; Rs. 4,000 crore is for emergency credit line for micro, small, and medium enterprises.

The Government also sought the Legislature's nod for Rs. 20,000 crore for recapitalisation of public sector banks through issue of Government Securities. In 2017-18, it had infused Rs. 80,000 crore and Rs. 1.06 lakh crore in the net fiscal. Rs. 20,000 crore package for the banks is only ten per cent. I would like to reiterate that point. Rs. 20,000 crore package for the banks is only ten per cent of what is required by the banks on account of pandemic-induced loan crisis.

Where is the Government's additional spending on infrastructure? Where is it? The only way to revive the industrial activity and also to create jobs is by pumping huge amount in infrastructure spending. The Government is either clueless or does not intend to

spend on infrastructure. This is the situation especially at a time when the private investment is also very low. As compared to Rs. 9,47,000 crore expenditure by the Centre between April and July 2019, this year it has only increased to Rs. 10.54 lakh crore. That is also mostly towards salaries and other regular expenses. So, the expenditure needs to go up to create more jobs. Push the money in the hands of the people so that consumption picks up.

इसीलिए हम क्या कहते हैं कि गरीब माइग्रेंट वर्कर्स के लिए जनरल ग्रांट स्कीम बनाइए। आपने इतनी बात कही है, लेकिन माइग्रेंट लेबर के बारे में एक शब्द आपकी जुबान से नहीं निकला। रातोंरात चार घंटे का वक्त देते हुए, सारी दुनिया में सबसे कठिन, निर्दयी एक लॉकडाउन घोषित हो चुका था। उसके बाद क्या हुआ? सारे हिन्दुस्तान में तबाही मच गई। बिना कोई प्रिपेरेशंस ले कर, अचानक आपने बोल दिया कि लॉकडाउन शुरू हो चुका है, चार घंटे की मौहलत है। नतीजा क्या निकला कि लाखों की तादात में लोग सड़क पर उतरे। नंगे पांव, भूखे पेट अपने गांव वापस जाने के लिए पैदल चलने लगे। कोई साईकल, कोई ट्रक, कोई बस से निकल पड़ा। आपने इसका ब्यौरा क्यों नहीं दिया? आपकी वित्त मंत्री एक फरवरी को जब बजट पेश कर रही थीं, तो उन्होंने क्या कहा था?

The Finance Minister outlined the importance of data and said that in order to meet the challenges of real time monitoring of India's increasing complex economy, data must have strong credibility.

मेरी बात नहीं है। Data is the new oil. मैडम फाइनेंस मिनिस्टर, यह आपकी ही राय है। 14 सितम्बर को इस सदन में, इस पार्लियामेंट में एक प्रश्न के जवाब में यह कहा गया कि it has not maintained any data on the number of migrant workers who died while trying to reach their homes after the nation-wide lockdown to combat the novel coronavirus was announced. इतना डेटा की बात करते हैं। लेकिन कितने लोगों की मौत हो चुकी थी, आपके पास कोई डेटा नहीं है।

Reports are coming from various credible organisations that more than 1,000 people have died which include getting burnt to death in forest fire, heat or crushed by truck, bus, train, exhaustion, heart attack, blood vomiting, chest pain, asphyxiation often falling in deep pit, stomach pain, dehydration, fatigue, multiorgan failure and snake bite, to name a few.

आपको एक बार इनकी याद नहीं आई? एक 12 साल की बच्ची ने तेलगांना से छत्तीसगढ़ पैदल जाते हुए रास्ते में दम तोड़ दिया। एक चार-पाँच साल की बच्ची की माँ को एक स्पेशल ट्रेन से उतारा। रेलवे स्टेशन में वीडियो में क्या देखते थे कि माँ की मौत हो गई और छोटी बच्ची आजू-बाजू में घूमती है, माँ के कपड़े, टांग खींचती है कि माँ तुम उठो, अभी तक क्यों सो रही हो? चलो मेरे साथ खेलो। बच्ची को यह जानकारी नहीं थी कि उसकी माँ जिन्दगी में कभी नींद से नहीं उठेगी। क्या यह डेटा आपके पास नहीं है? जब हम पूछते हैं कि नौकरियाँ कितनी दीं, आपकी सरकार जवाब देती है कि we do not maintain any data.

यह नो डेटा गवर्नमेंट बन चुकी है। आप डेटा-डेटा करके यहाँ बार-बार गुहार लगाते हैं, लेकिन सरकार के पास कोई डेटा है ही नहीं, तो आपको कहाँ से डेटा मिलेगा? आप लोगों के सारे डेटा गलत है। सारे देश में देखिए, देश की हालत देखिए, आप लोगों को पता चलेगा। यह सरकार के दिए हुए आंकड़े से भी पता चलता है।

During April-July, 2020, the Government has collected revenue of Rs. 2.3 lakh crore out of the budgeted estimate of Rs.22.5 lakh crore for 2020-21 excluding borrowings. This is 42 per cent less than the revenue collected during the corresponding period in the previous year, 2019-20.

While gross revenue has been 30 per cent less on year-on-year basis, devolution to States has been comparatively lesser, decreased 12 per cent. This implies that the States may see a cut in monthly devolution levels in the later part of the year.

Receipts on account of disinvestment are only a dismal amount and far from expectation, target was 2.1 lac crore . As compared to April-July, 2019-20, the trends in collection under various components of revenue during April-July, 2020 are: net tax revenue of the Central Government is 40 per cent less; non-tax revenue is 44 per cent less; among major taxes, collection of corporate tax, income tax, GST etc. saw a reduction of 39 per cent, 29 per cent, and 35 per cent respectively on year-on-year basis.

As per the official estimates released by the National Statistical Office on 31st August, 2020, GDP at constant 2011-12 prices in the first quarter of 2020-21 is estimated at Rs.26.90 lakh crore as against Rs.35.35 lakh crore in the first quarter of 2019-20, showing a

contraction of 23.9 per cent as compared to 5.2 per cent growth in the first quarter of 2019-20.

GDP estimates by various national and international agencies for India in the financial year 2020-21 have already painted a very bleak picture ranging from -5 to -11.5 per cent. आप बताइए। इसके बाद यह 5 ट्रिलियन इकोनॉमी का क्या हुआ?

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य बैठकर जब बोलते हैं तो ज्यादा बोलते हैं।

श्री अधीर रंजन चौधरी : सर, ज्यादा समय नहीं लिया है।

माननीय अध्यक्ष : बहुत समय ले लिया।

श्री अधीर रंजन चौधरी : कहाँ से लिया?

मैं आपसे यह पूछना चाहता हूँ। What is the fate of $ 5 trillion economy? Already, we are facing contraction of 24 per cent and it may be increased to 35 per cent according to the experts. Yet, वर्ष 2024 तक 5 ट्रिलियन इकोनॉमी तक आप कैसे पहुँचोगे, जब सालाना आपकी पॉजिटिव ग्रोथ रेट 9 परसेंट होनी चाहिए, आप जरा दयापूर्वक यह बता देना।

सर, मैंने समय एकदम नहीं लिया है। (व्यवधान)

डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा): सर, मेरा पॉइंट ऑफ आर्डर है। (व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी: देश की जो हमारी सारी सम्पत्ति है**,** जो सारी हमारी फैमिली सिल्वर है**,** उसे आप बेचना चाहती हैं। BPCL entire 53.29 per cent stake of Government is being sold; sale of 53.75 per cent of the Government holding out of 63.75 per cent stake in SCI; and as regards

CONCOR, sale of 30.90 per cent stake where the Government currently holds 54.80 per cent. The disinvestment proceeds generated by the Central Government since 1991, 67 per cent has come during the Modi Government regime. आप इन सबको बेचना चाहते हैं।

The Government has also frequently resorted to getting one PSU like ONGC or LIC to buy another. यह नया चक्कर है। 2015-16 में एलआईसी, 2016-17 में नालको, 2017-18 में ओएनजीसी, 2018-19 में फिर एलआईसी को आपने कहा to buy the Government's 51 per cent stake in the distressed Public Sector Bank, IDBI. During 2018-2019, the full stake of Government of India in HSCC Limited was acquired by NBCC India. इधर से उधर, उधर से इधर करके आप दिखाना चाहते हैं कि आपका डिसइंवेस्टमेंट किस तरीके से आगे निकल रहा है।

मैं आपसे यह जानना चाहता हूँ। Has the Government set the ball rolling on asset monetization in the PSU sector? NITI Aayog has already identified assets owned by PSUs for monetization and the list is now being vetted by various Ministries.

पीएसयूज मॉनीटाइजेशन के बारे में आप क्या कर रहे हैं, यह थोड़ा बताइएगा। The Core Group of Secretaries for Asset Monetization is already vetting a list prepared by NITI Aayog of the State-owned assets that can be monetized. अगर यह सही है, इसका अभी स्टेटस क्या है? The process is categorized under the broad definition of disinvestment. However, it does not lead to any changes in the share-holding pattern. The amount received by the Government from asset monetization is counted as disinvestment proceeds. The Government is planning to raise Rs. 2.10 lakh crore from disinvestment. यह डिसइनवेस्टमेंट का चक्कर क्या है? आपकी इसमें क्या पॉलिसी है? कहाँ तक पहुँचे हैं? आपका टारगेट क्या है? इस टारगेट तक पहुँचने के लिए आप क्या-क्या करना चाहती हैं, आप यह दयापूर्वक बता दीजिए। सर, मैं 10 मिनट लूँगा।

महोदय, हम सरकार को जैसे सदन में मदद करते हैं, वैसे ही हम बाहर भी मदद करना चाहते थे, ऐसा नहीं है, लेकिन सरकार हमारी बात नहीं सुनती है। Despite our pleas, the Modi Government took no corrective action. It refused to acknowledge that demonetization was a huge blunder. It refused to accept our advice for a simple GST with a few and moderate rates of taxes. It refused to defer the implementation of GST on the ground that trade and industry were not ready and the implementation machinery was not prepared. The result was that the

economy was in doldrums at the end of 2019-2020 when COVID-19 struck our country in March, 2020. The Modi Government's response to the pandemic-affected economy made the situation worse. The Modi Government refused to heed to our suggestion. महोदय, हमारा सुझाव क्या था, हम लोगों ने कहा था to transfer cash of Rs. 7,500 to the poorest 50 per cent of the families. हमारे नेता राहुल गाँधी जी ने 12 फरवरी को ही कह दिया था, and he had prophetically predicted that we are going to be fated to face the COVID-19 pandemic situation.

19.00 hrs

The country should be prepared for confronting Covid-19 pandemic.

राहुल गांधी जी ने 12 फरवरी को ही यह कह दिया था। उन्होंने 'न्याय' प्रकल्प के लिए poorest 50 per cent of family को 5,000 से 7,500 रुपये ट्रांसफर करने के लिए कहा। He suggested the Government to use the mountain of foodgrains to generously distribute to all households at 25 kg. a month.

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, एक मिनट रुकिए।

माननीय सदस्यगण, अगर सदन की सहमति हो तो सदन का समय 9 बजे तक बढ़ा दिया जाए।

अनेक माननीय सदस्य: जी हाँ, महोदय।

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, आपके भाषण का समय पूरा हो गया।

श्री अधीर रंजन चौधरी: नहीं, सर।

माननीय अध्यक्ष: आपकी पार्टी का ही समय पूरा हो गया।

श्री अधीर रंजन चौधरी: सर, मैंने आपसे आधे घंटे का समय माँगा था। क्या आधा घंटा हो गया?

माननीय अध्यक्ष: नहीं, नहीं। बीस मिनट हो गए।

श्री अधीर रंजन चौधरी: सर, लेकिन मैंने आपसे आधे घंटे का समय माँगा था।

माननीय अध्यक्ष: नहीं, नहीं।

श्री अधीर रंजन चौधरी: सर, सरकार ने हमारी बात नहीं सुनी। It refused to cut wasteful and vanity expenditure on Bullet Train and Central Vista. अभी जयंत सिन्हा जी कह रहे थे कि हम सेन्ट्रल विस्टा बनाएंगे। जेब में पैसे नहीं हैं, लोग भुखमरी में मर रहे हैं। इस समय आपको सेन्ट्रल विस्टा बनाना सही लग सकता है, पर यह हमारे लिए सही नहीं है।

सर, हमारी तरफ से यह कहा गया था कि give relief on indirect taxes like GST; extend the pay protection scheme to protect employment and wages; increase spending on infrastructure projects; pay the arrears of tax devolution and GST to the States so that they may enhance their capital and welfare expenditure. Borrow more if necessary, to fund the increased expenditure. हमने उधार लेने के लिए आपको कभी मना नहीं किया। If the above measures had been taken, they would have amounted to a significant fiscal stimulus to the economy and helped arrest the slide. As it turned out, the fiscal stimulus imparted by the Modi Government was a pitiable 1.7 per cent of GDP whereas other comparable countries imparted a fiscal stimulus ranging from 10 to 20 per cent of GDP.

सर, इसका मतलब क्या हुआ? आप कहते हैं कि हिन्दुस्तान दुनिया में फास्टेस्ट ग्रोइंग इकोनॉमी बन गया है, लेकिन अभी हम क्या देख रहे हैं कि हिन्दुस्तान फास्टेस्ट स्लोइंग इकोनॉमी में तब्दील हो चुका है। पूरी दुनिया में कोरोना संक्रमण में हम दूसरे स्थान पर हैं।

सर, ये कहते हैं कि वे सब कर रहे हैं, लेकिन लोगों की मौतों की कतार को देखते हुए आप खुद सोचिए कि आप क्या कर रहे हैं? अभी कोरोना की दूसरी लहर आनी बाकी है। जब कोरोना की दूसरी लहर आएगी तो इससे ज्यादा खतरा पैदा होने की संभावना है।

Another direct consequence of the closure of MSMEs is that of the 10 to 11 crore MSMEs in the country, it is estimated that all of them were closed in April, May and June; nearly 30 per cent have shut down permanently.

सर, सबसे बड़ी बात यह है कि देश में कोई भी किसी पर विश्वास नहीं करता है। मैडम बैंकों को कहती हैं कि आप एम.एस.एम.ईज़. को पैसे दीजिए, पर बैंक नहीं देते हैं। आपकी बात आर.बी.आई. नहीं सुनता, आर.बी.आई. की बात बैंक्स नहीं सुनते और कस्टमर्स की बात भी बैंक नहीं सुनते। हिन्दुस्तान में अविश्वास का एक माहौल पैदा हो चुका है, आप यह पता कर लीजिए।

Despite the fact that crude oil prices declined to a low range of USD 17 to USD 42 per barrel, the Modi Government relentlessly increased the price of petrol, diesel and LPG and as a result, contrary to conventional wisdom, during the period of low demand, India had higher inflation. The CPI has increased from 5.9 per cent in March, 2020 to 6.7 per cent in August, 2020. According to the official data released by the CSO, it is only agriculture and allied activities that have recorded positive growth in quarter one. लेकिन, गांवों में डिमांड नहीं बढ़ती है। आप गांवों में जाकर यह पता कर लीजिए। गांवों में डिमांड नहीं बढ़ती है।

Sir, all other sectors of the economy have registered huge negative growth – manufacture - 40 per cent; construction - 50 per cent; travel and tourism - 47 per cent.

सर, ग्लोबल हंगर इंडेक्स में 117 देशों में हमारा स्थान 102 हो गया है। नेपाल, बांग्लादेश और पाकिस्तान हम से आगे हैं। आज हिन्दुस्तान कहाँ है, इसे आप खुद देख लीजिए।

सर, नौकरी की बात तो छोड़ ही दीजिए। अभी हिन्दुस्तान में नौकरी के लिए हाहाकार मच चुका है। जब हम सरकार से पूछते हैं कि कितनी सारी नौकरियाँ दी गई हैं, तो सरकार कहती है कि हमने नौकरी दी है, लेकिन हमारे पास डेटा नहीं है। इसकी डेटा की बड़ी कमी हो रही है। According to a survey by Azim Premji University, 57 per cent of rural workers and 80 per cent urban workers lost work during lockdown.

सर, आईएलओ की रिपोर्ट क्या बोलती है? आईएलओ की रिपोर्ट बोलती है कि 40 करोड़ लोग बीपीएल की सीमा से नीचे हैं और 14 करोड़ लोगों ने अपनी नौकरियाँ खोई हैं। आज नौजवान बेकार पड़े हुए हैं, क्योंकि उनके पास नौकरी नहीं है। मोदी जी जब सत्ता में आए थे, सत्ता में आने से पहले उन्होंने कहा था कि अब चिंता मत करो बेरोजगार, आ रही है मोदी सरकार। अभी क्या हो गया है? अभी बेरोजगार लोगों की क्या हालत है? इस बारे में सरकार एक बार सोचे तो हम सरकार के प्रति बड़ा आभार प्रकट करेंगे।

माननीय अध्यक्ष: अब आप कनक्लूड कीजिए।

श्री अधीर रंजन चौधरी : सर, मेरे पास और दो मुद्दे हैं।

वित्त मंत्री जी, आप थोड़ा इस पर ध्यान दीजिए। प्रधानमंत्री जी ने हमारी पार्टी के दावे पर आकर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण रोजगार अभियान बिहार से शुरू किया था। इसके लिए 50 हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था थी। इसमें 25 हजार माइग्रेन्ट लेबर्स को रहना पड़ेगा और उनके लिए 125 दिन का काम होगा। बिहार, यू.पी. और बंगाल, ये तीन स्टेट्स सबसे ज्यादा माइग्रेन्ट लेबर्स की जगह हैं। 116 जिलों को चिन्हित किया गया, जहाँ 25 हजार से ज्यादा माइग्रेन्ट लेबर्स रहा करते हैं।

मैडम, बंगाल में 11 लाख से ज्यादा माइग्रेन्ट लेबर्स पहुँच चुके थे, यह बंगाल की सरकार की राय है। फिर भी, 116 जिलों के अंदर बंगाल का एक भी डिस्ट्रिक्ट नहीं है। मैं आपसे गुजारिश करूँगा कि 116 डिस्ट्रिक्ट्स में बंगाल का कोई स्थान नहीं है, लेकिन बंगाल में 11 लाख प्रवासी मजदूर पहुँच चुके हैं, जहाँ इस स्कीम के लिए 25 हजार माइग्रेन्ट लेबर्स की जरुरत है। A huge bonanza was given to corporates by the Modi Government in the form of a steep cut in corporate taxes. The corporates have used the windfall to deleverage and are sitting on cash. According to RBI's Annual Report, the corporates are not making new investment as was expected by the Government. Regular salaried jobs are not being created. दो करोड़ से ज्यादा सैलरीड लोगों की नौकरी चली गई। अर्थशास्त्री जयंत जी, आप यहाँ बैठे हुए हैं। कहाँ से इन्वेस्टमेन्ट आएगा? पब्लिक इन्वेस्टमेन्ट, प्राइवेट इन्वेस्टमेन्ट और हाउसहोल्ड इन्वेस्टमेन्ट, ये तीन इन्वेस्टमेन्ट्स की जरुरत है। सरकार पैसा नहीं लगाती है। मैन्युफैक्चरिंग और इंडस्ट्रियल चेयर्स के साथ हमारे प्रधानमंत्री कभी बैठकर प्राइवेट इन्वेस्टमेन्ट की बात नहीं करते हैं। हाउसहोल्ड इन्वेस्टमेन्ट कैसे आएगा? हमारे देश में चारों तरफ बेरोजगारी है। दो करोड़ से ज्यादा सैलरीड लोगों की नौकरी

चली गई है। हमारे 14 लाख वर्कर्स की नौकरी चली गई है। क्या आपको यह जानकारी नहीं है? हमारी डिमांड कैसे पैदा होगी? सप्लाई और डिमांड में जब तक यह मिसमैच रहेगा, हमारा ग्रोथ कभी नहीं होगा।

Bank credit to MSME has declined from roughly Rs.5 lakh crore to Rs.4.5 lakh crore. Completed or semi-completed housing units numbering 4,55,351 remain unsold at the end of March 2020. Telecom sector has a debt burden of Rs.5 lakh crore and has got no relief. Aviation sector is operating at 40 per cent of capacity. Discoms are burdened with a debt of Rs.4.5 lakh crore. Demand for power declined by 11.8 per cent in June 2020. Of total installed thermal power capacity, the average PLF is only 48.28 per cent. Hospitality and tourism sector is estimated to lose by Rs.15 lakh crore in 2020-21. Railway freight earning declined by 26.4 per cent in April. अब तो रेलवे प्राइवेटाइजेशन में चली जा रही है।

सर, यह मोदी सरकार ग्रीन शूट कहती है, तो ग्रीन शूट आने वाला नहीं है। अगर यह कहें कि कार की बिक्री, मैडम की बात करते हैं, अगर यह कहें कि कार की बिक्री कम क्यों हो रही है, तो मैडम कहती हैं कि लोग अब टैक्सी में चलने लगे हैं। अगर कहें कि प्याज की कीमतें क्यों बढ़ गईं, तो कहेंगे कि हम तो प्याज ही नहीं खाते। अगर कहें कि जीएसटी इतना पेचीदा क्यों है, तो कह देंगे कि कानून ही ऐसा है। कानून किसने बनाया? अगर कहेंगे कि भारत की अर्थव्यवस्था क्यों गिर रही है, तो कहेंगे कि इसके लिए भगवान जिम्मेदार है। अगर कहेंगे कि नौकरियां क्यों जा रही हैं, तो कहेंगे कि नौकरियां जाना देश की अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत है। अगर कहेंगे कि अर्थव्यवस्था पर कोरोना का कोई असर होगा, तो कहेंगे कि कोई असर ही नहीं पड़ता। यह देश की वित्त मंत्री कह रही हैं। अगर कहें कि कोरोना पर विजय कैसे पाएं, तो … * कुछ दिन में कहेंगे कि … * और … * कोरोना का इलाज है, तो कहेंगे कि … * ये भारत सरकार के मंत्री हैं। कोई … * कोरोना भगा रहे हैं तो कोई … *। चीन को कैसे हराएं और अर्थतंत्र को कैसे बचायें? इसका एक ही सिंगल पाइंट सोल्यूशन है, मोदी जी मोर के साथ फोटो खिंचवायें। यह इस सरकार की अब हालत है। कोरोना के बारे में देश के स्वास्थ्य मंत्री कहते हैं कि भारत में कोरोना महामारी है ही नहीं।

महोदय, इस सप्लीमेंट्री डिमांड का कोई महत्व नहीं है, क्योंकि देश की आर्थिक स्थिति बदतर होती जा रही है। यह कहकर मैं अपने भाषण को विराम देता हूं।

माननीय अध्यक्ष : मैं पुन: सभी माननीय सदस्यों से आग्रह कर रहा हूं कि वे अपनी बात को संक्षेप में कहें।

SHRI DAYANIDHI MARAN (CHENNAI CENTRAL): Thank you, Speaker Sir. I will speak within the time limit.

19.12 hrs (Shri N. K. Premachandran *in the Chair*)

Sir, I rise to speak on certain troubling aspects of how the Government is handling the economic crisis, its misplaced priorities, the deadlock on GST compensation issue, and flippant attitude towards the citizens of India, especially the middle class.

Sir, before I begin my speech, I would like to share a quote from the great Thirukkural:

"Anbilaar Ellaam Thamakkuriyar Anpudaiyaar

Enpum Uriyar Pirarkku."

It means, those who are destitute of love, appropriate all they have to themselves; but those who possess love, consider even their bones to belong to others.

Sir, we find ourselves in the midst of the worst financial crisis that the nation has witnessed in the last 40 years. I understand this is a global pandemic and we are not the only ones trapped in the economic crisis. But let us be clear about one thing. We have been the worst affected among the large economies. Much has been said but little can be done to help the Central Government out of its complacency at this point. The Government keeps calling this as an 'Act of God'. This very attitude is the problem. Statements, such as this, will not help revive the sentiments of economy. It will only reduce the global investors' confidence and look like a sign of the

Central Government's fatigue, desperation to the common man, who is looking towards the Government for some sign of hope and relief.

At the same time, Sir, I also register my protest against how the term 'Act of God' has been used to make the distinction on the issue of GST compensation to the States. The Centre's decision to split the GST compensation into two separate categories: (i) revenue loss as a result of GST implementation, and (ii) revenue loss as a result of an 'Act of God', will betray both the spirit and letter of the GST (Compensation to States) Act. The GST (Compensation to States) Act guarantees all States an annual growth of 14 per cent in the GST revenues during the period July 2017 to July 2022. If a State GST revenue grows slower than 14 per cent, such a loss of revenue must be taken care of by the Centre by providing GST compensation grants to the State. When the UPA Government planned the GST system, it was to ensure a seamless market, free of tax terrorism, and could help us realise the full potential of the Indian market. But we all know how the GST was introduced.

Sir, in 2017, we had a manmade pandemic, called the demonetization, which was single-handedly brought by our hon. Minister. And to compensate, to save faces, GST was hurriedly introduced in December to cover up the manmade disaster.

श्रीमती अनुप्रिया पटेल (मिर्जापुर): सभापति महोदय, मैं माननीय वित्त मंत्री द्वारा पेश की गई 2.35 लाख करोड़ रुपये की अनुदानों की अनुपूरक मांग के समर्थन में अपने विचार रखना चाहती हूं, जिसमें 1.66 करोड़ रुपये की व्यवस्था के लिए संसद की अनुमति ली जा रही है। इसमें 68868 करोड़ रुपये की जो व्यवस्था है, वह सरकारी खर्चों में कटौती के माध्यम से की जाएगी। इस समय सरकार की दो ही प्राथमिकताएं हैं – पहली कोविड-19 के प्रबंधन को देखना और दूसरी इसके साथ ही देश की आर्थिक गतिविधियों को पुन: सुदृढ़ करना। मैं बताना चाहती हूं कि सरकार ने कोरोना महामारी के दौरान गरीब वर्ग की तमाम आवश्यकताओं के लिए चाहे रोजगार सृजन हो, चाहे भोजन हो या अन्य आवश्यकताएं हों, उनकी व्यापक चिंता करते हुए तमाम प्रयास किए हैं, जिसमें 80 करोड़ लोगों को साल के अंत तक मुफ्त अनाज देने की व्यवस्था की गई है। महिला जनधन खाताधारकों के खाते में कैश ट्रांसफर की व्यवस्था की गई है और 20 लाख करोड़ रुपये के आत्मनिर्भर पैकेज के अंदर एमएसएमई के सुदृढ़ीकरण को लेकर 15 हजार रुपये तक का वेतन पाने वाले कर्मचारियों के लिए उनके पीएफ अंशदान को सरकार द्वारा दिए जाने की घोषणा की गई है। तमाम किस्म के ऋण की ईएमआई के भुगतान की स्थिति को टालना और यहां तक कि माननीय राष्ट्रपति जी से लेकर हमारे माननीय प्रधान मंत्री और हमारे मंत्रिगण तथा सांसदों के द्वारा अपने वेतन से 30 प्रतिशत का योगदान दिया है, जो इस कोरोना महामारी में हमारे देश के लोगों के लिए एक साथ खड़े होने के लिए और सभी को मिलकर एक साथ कोरोना महामारी का मुकाबला करने में सहायक होगा।

महोदय, अनुपूरक मांगों के अंतर्गत मनरेगा कार्यक्रम के लिए चालीस हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो समय की मांग को देखते हुए एक बहुत ही परिपक्व व्यवस्था है, क्योंकि इस कोरोना आपदा में जिस तरीके से मजदूरों का विभिन्न राज्यों से अपने गृह राज्यों की ओर पलायन हुआ है और तमाम आर्थिक

गतिविधियां ठप पड़ गई हैं, उनके सामने रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है, ऐसे में मनरेगा सबसे बड़े सेफ्टी नेट के रूप में काम कर रहा है, क्योंकि जहां रोजगार के तमाम अवसर सीमित हैं, वहीं मनरेगा रोजगार सृजन का एक बहुत बड़ा साधन बन सकता है और इसके लिए मैं सरकार को बधाई देना चाहती हूं। सरकार ने इससे पहले मनरेगा के तहत जो वेजेज दिए जाते थे, उन्हें 182 रुपये से बढ़ाकर 202 रुपये करने का काम किया है। मेरा सरकार से आग्रह है कि इसमें कुछ और वृद्धि की जाए और इसके साथ ही मनरेगा मजदूरों के लिए हर गांव के अंतर्गत जो कार्य योजनाएं हैं, उनकी संख्या बढ़ाई जाए। सबसे बड़ी बात यह है कि मनरेगा मजदूरों का जो भुगतान है, वह समय पर हो। इसके साथ ही जो एनुअल वर्क गारंटी है, उसे सौ दिन से बढ़ाकर दो सौ दिनों तक ले जाया जाए। जितनी भी कोविड-19 सेफ्टी गाइडलाइन्स हैं, उनका अनुपालन मनरेगा की साइट्स में काम करने वाले वर्कर्स के लिए किया जाए। उनके लिए पानी, साबुन, सैनेटाइजर की सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएं। अनुपूरक मांगों के तहत 14231.96 करोड़ रुपये की जो व्यवस्था है, वह देश में स्वास्थ्य ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए की गई है। इसके अंतर्गत 5915 करोड़ रुपये महामारी के प्रबंधन के उद्देश्य से और 2475 करोड़ रुपये आईसीएमआर को शोध कार्य के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे। मैं इस संबंध में कहना चाहती हूं कि आज हमारे देश में कोरोना मरीजों की संख्या 52 लाख से अधिक हो चुकी है और प्रतिदिन एक लाख का आंकड़ा सामने आ रहा है। सरकार ने धीरे-धीरे टैस्टिंग की संख्या बढ़ाई है, नए टैस्टिंग लैब्स स्थापित किए हैं और आज की तारीख में हम रोज लगभग 10 लाख टैस्ट कर रहे हैं और 6 करोड़ के करीब टैस्ट कर चुके हैं। यहां तक कि पीएम फंड से वेंटिलेटर्स की भी बहुत बड़ी संख्या में व्यवस्था की गई है। यहां यह ध्यान देने की जरूरत है कि हमारा जो सरकारी ढांचा है, वह बड़े शहरों में तो जैसे-तैसे काम कर रहा है, लेकिन जो हमारे छोटे शहर या कस्बे हैं या ग्रामीण क्षेत्र हैं, वहां स्वास्थ्य का ढांचा काफी अपर्याप्त है और विशेष रूप से जो आक्सीजन बैड्स हैं, उनकी कमी देखने को मिल रही है।

HON. CHAIRPERSON: Please conclude. There are other Members to speak.

श्रीमती अनुप्रिया पटेल: सभापति महोदय, आप मुझे केवल एक-दो मिनट का समय और दीजिए।

महोदय, यदि किसी भी मरीज को अस्पताल में दाखिल करना है या किसी भी मरीज को कोविड केयर सैंटर में आइसोलेट करना है, इसमें बहुत बड़ा डिफाइनिंग पैरामीटर होता है कि उसके ब्लड में आक्सीजन का सैचुरेशन लेवल क्या है, जो सामान्यत: 95 से 99 परसेंट तक होता है और यदि लम्बे समय के लिए इससे नीचे लेवल चला जाता है, तो उस मरीज को क्रिटिकल केयर की आवश्यकता होती है और वेंटिलेटर की आवश्यकता होती है। लेकिन जो माइल्ड और मोडरेट केसेज होते हैं,

उन्हें हम आक्सीजन सप्लाई बैड से मैनेज कर सकते हैं, इसलिए आक्सीजन बैड्स की कमी इस देश में महसूस की जा रही है, उसके लिए प्रबंध करने की आवश्यकता है, जिसके लिए हमारे बैड्स पाइप आक्सीजन सप्लाई के साथ या आक्सीजन कंसेंट्रेटर के साथ या आक्सीजन सिलेंडर्स की व्यवस्था के साथ हों।

HON. CHAIRPERSON: Please conclude.

श्रीमती अनुप्रिया पटेल : सभापति महोदय, आप मुझे बोलने दीजिए। I have not even covered two points, Sir. हमें ये व्यवस्थाएं छोटे शहरों में, कस्बों में और ग्रामीण इलाकों में तेजी से करने की आवश्यकता है।

जहां तक शोध कार्य की बात है, तो वैक्सीन की उपलब्धता को लेकर माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी ने कहा है कि यह वर्ष 2021 के प्रथम क्वार्टर तक आने की संभावना है। हम सभी उससे काफी उम्मीद लगाए हुए हैं। हमारे देश में वैक्सीन्स के डिफरेंट फेजेज के ट्रायल भी चल रहे हैं। अभी हम यह मान लेते हैं कि अगर पहले क्वार्टर में वैक्सीन आ भी जाती है तो लोगों तक वैक्सीन पहुंचने में लगभग एक साल का समय लगेगा, तब तक इन व्यवस्थाओं को दुरुस्त करना बहुत ही आवश्यक है। (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Please conclude.

श्रीमती अनुप्रिया पटेल: 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों के मुताबिक राज्यों को 46,602 करोड़ रुपये आवंटित करने का प्रस्ताव भी इसमें शामिल है। (व्यवधान) जिसमें जीएसटी की क्षतिपूर्ति नहीं होने से वित्तीय तौर पर परेशान राज्यों को भी इससे राहत मिलेगी।

HON. CHAIRPERSON: Please conclude.

Hon. Member, Shri Unmesh Bhaiyyasaheb Patil.

SHRIMATI ANUPRIYA PATEL: I have just two more points. Let me just finish it. अनुपूरक मांगों के तहत 33,771 करोड़ रुपये की प्रधानमंत्री जन-धन योजना और राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों के खाते में कैश ट्रांसफर के लिए भी मांगे गए हैं। जन-धन योजना के तहत अब तक 40 करोड़

खाते खोले गए हैं, जिनमें से 64 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में हैं और लगभग 55 प्रतिशत महिलाओं के खाते खोले गए हैं। इस कोरोना आपदा के दौरान जिस तरह से इन जन-धन खातों के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा के तहत दी जाने वाली पेंशन, खाद्यान्न सब्सिडी या गैस सब्सिडी, ये सभी कुछ जनता तक पहुंचाई गई हैं, उसमें जन-धन खाते वरदान के रूप में साबित हुए हैं। (व्यवधान) लेकिन इसमें लास्ट माइल डिलिवरी लूप होल्स हैं। (व्यवधान) अनऑपरेटिंग अकाउंट्स हैं, हमें उन्हें भी देखने की जरूरत है। (व्यवधान)

अनुपूरक मांगों में सरकारी बैंकों के पूंजी आधार के लिए भी 20 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। (व्यवधान) हमारी बैंकों को आज की डेट में, जो भी उनके कर्जदार हैं, वे पैसा वापस नहीं कर रहे हैं, इसलिए बैंकों के एनएपीएज बढ़ रहे हैं। ऐसी परिस्थिति में इस कदम से बैंकों पर जो वित्तीय दबाव है, वह कम होगा और उन्हें राहत मिलेगी।

मैं इतना ही कह कर अपनी बात को खत्म करूंगी कि कुल मिला कर आज कोरोना के कारण हमारी अर्थव्यवस्था के जो हालात हैं, वह हमारे सामने एक बड़ी चुनौती के रूप में है।

SHRI UNMESH BHAIYYASAHEB PATIL (JALGAON): Hon. Chairperson, Sir, thank you for giving me an opportunity to speak on the First Batch of the Supplementary Demands for Grants – 2020-21 and the Demands for Excess Grants relating to 2016-17.

I would like to thank the hon. Minister of Finance, Shrimati Nirmala Sitharaman Ji and the Minister of State, Shri Anurag Singh Thakur Ji. The First Batch of the Supplementary Demands for Grants – 2020-21 includes 54 Grants and one Appropriation for a gross additional expenditure of Rs. 2,35,852 crore. Of this, the proposals involving net cash outgo aggregate to Rs. 1,66,983 crore and gross additional expenditure, matched by savings of the Ministries and Departments or by enhanced receipts and recoveries aggregate to Rs. 68,868 crore.

सर, मैं कुछ लोकल डिमांड्स मराठी में करना चाहूंगा।

*Hon. Chairperson, I would like to thank you for giving me an opportunity to speak on the first batch of the supplementary demands for grants 2020-2021.

Sir, I would like to raise some of the demands in my mother tongue Marathi. We have been discussing the Demands for Grants, since afternoon and Opposition parties are repeatedly asking for the data. But, they refused to understand that we have transferred money to the bank accounts of around 17 crore farmers under PM Kisan Scheme. We are also giving monetary benefits to the widows through online mode. We are transferring money to the accounts of senior citizens, physically challenged persons and also giving scholarships to the students. Atalji once said that nobody can claim greatness without having greater vision and thinking.

Through 'one nation, one ration card', we are providing timely help to the migrant labourers for their livelihood. Hon. Sir, for MSME sector, our Government has increased its budget to the tune of Rs.3 lakh crore with Government guarantee. It has helped 85 lakh enterprises which create crores of jobs.

Our Government is helping not only the industry but also the entrepreneur for creation of employment. For PM Matsya Sampada Yojana, we have provided Rs.1 lakh crore and for vaccination of cattles we have provided Rs.14000 crore.

We are also infusing funds in Bee-keeping for creating employment for women. Our hon. Prime Minister Narendra Modiji is creating a 'New India' through the development of Ports, National Highways, and other infrastructure projects.

Respected Sir, when we amended SEZ policy they opposed it, and under Textile Park Policy, they only took care of Real Estate Developers. But we are doing it in public interest.

India is the first country where corporate tax has been reduced by 15%. They had also opposed International Finance Service Centre Bill and still they claim that no FDI is coming to India. We are also making policies for protection of farmers so that they can get their dues without hassles. So, the Opposition need to change their negative thinking and vision.

This contract farming is going to help farmers to earn more money and hence I congratulate and support it.

Sir, lastly I would like to raise three demands. I hail from Northern Maharashtra and in my constituency, there is a Lower Taptee Project which has not been completed for the last 25 years. If it is covered under PM Krishi Sinchai Yojana, around 7 talukas would get benefited. On Girna river, it is proposed to construct 7 small dams by using Baloon Wave Innovative Technology. This project should be sanctioned. For the overall development of Girna Ravine Technology, on Bodhre Dhule stretch of NH-211, largest tunnel is to be constructed near Autram Ghat, but this project is still pending. I would urge upon the Government that these important projects should be given priority and completed as early as possible. With these words, I support the Supplementary Demand for Grants. Thank you.

DR. MOHAMMAD JAWED (KISHANGANJ): The Supplementary Demands for Grants have nothing for the unemployed and the poor. It has nothing for Bihar which is suffering the most. Hon. Prime Minister is busy announcing various schemes for Bihar, इलेक्शन को देखते हुए, लेकिन मैं उनको याद दिलाना चाहता हूँ कि सवा लाख करोड़ रुपए का क्या हुआ, जिसकी घोषणा उन्होंने पिछले इलेक्शन में की थी। पिछले चंद महीनों में जब पूरा हिन्दुस्तान तबाह था, परेशान था, हंग्री था, तब आदरणीय प्रधानमंत्री ने कहा आत्मनिर्भर बनो। इसका मतलब यह है कि अपनी सुरक्षा, अपना ख्याल खुद रखो। यह बड़ी अफसोस की बात है। अगर आज बिहार सबसे बदहाल है, तो इसके लिए बीजेपी जिम्मेदार है, जो पिछले 15 साल से वहाँ पर हुकूमत कर रही है।

सर, मैं बिहार के बारे में कुछ बताना चाहता हूँ। कोविड-19 में 0.5 परसेंट डॉक्टर्स की मौतें हुई हैं, लेकिन अफसोस की बात है कि बिहार में उनकी तादाद 4.5 परसेंट है। वह इसलिए है कि वहाँ अस्पताल सबसे कम हैं, मेडिकल कॉलेज सबसे कम हैं। बिहार में करीब 16 मेडिकल कॉलेजेज हैं and 780 seats are there in comparison to 532 colleges and 77000 seats in India.

सर, बड़े अफसोस की बात यह है कि फेज़ वन, टू और थ्री में सरकार ने 157 मेडिकल कॉलेजेज बनाने की घोषणा की है, जिनमें से सिर्फ सात ही बिहार में हैं, जबकि सौ होने चाहिए। मैंने आदरणीय हेल्थ मिनिस्टर से रिक्वेस्ट की थी, किशनगंज में दो सौ एकड़ जमीन है, वहाँ पर आप एम्स का एक सेन्टर खोलिए। लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। साथ ही, एएमयू सेन्टर के लिए हमारी यूपीए चेयरपर्सन ने वर्ष 2013 में 137 करोड़ रुपए एलॉट किए थे। लेकिन अफसोस की बात है कि सात वर्षों में अभी तक उसके लिए सिर्फ 10 करोड़ रुपए दिए गए हैं। आपके माध्यम से मेरी गुजारिश है कि आदरणीय फाइनेंस मिनिस्टर बाकी रकम भी दिलाएं।

अगर एक्सप्रेस हाइवेज़ को देखा जाए, तो हमारे यहाँ नेशनल हाइवेज 5,358 किलोमीटर्स हैं और पूरे हिन्दुस्तान में यह एक लाख बयालीस हजार एक सौ बासठ किलोमीटर्स हैं। लगभग 15 हजार किलोमीटर्स से ज्यादा हाइवेज़ हिन्दुस्तान में बन रहे हैं, लेकिन उनमें से बिहार के हिस्से में 21.5 किलोमीटर ही है। मैं इस सरकार से जानना चाहता हूँ कि क्या बिहार हिन्दुस्तान का हिस्सा है या बिहार हिन्दुस्तान का हिस्सा नहीं है? हमें हर चीज में आप पीछे ठेल रहे हैं।

आपको यह बताते हुए और अफसोस होता है कि एग्रीकल्चर में 65 लाख मीट्रिक टन धान प्रोड्यूस होता है, लेकिन 13.5 लाख मीट्रिक टन केवल 1,815 रुपए के रेट पर खरीदा जा रहा है। वहाँ लगभग 35 लाख मीट्रिक टन मक्के की पैदाइश है, लेकिन एक क्विंटल मक्का भी सरकार ने नहीं खरीदा। वहाँ पर हमारा रेट 1850 रुपए है, लेकिन मजबूरन किसानों को सात-आठ सौ रुपए में ही बेचना पड़ रहा है।

सर, आधा मिनट और दीजिए। पिछले 30 सालों से जो सरकारें वहां पर हैं, वे एक साजिश के जरिए बिहार को कमज़ोर रखना चाहती हूं। बिहार की आबादी हिन्दुस्तान की लगभग दस परसेंट है। अगर बिहार पीछे रहेगा तो हिन्दुस्तान कभी तरक्की नहीं कर सकता। धन्यवाद।

श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर): सभापति जी, मैं आपको धन्यवाद देना चाहूंगा कि आपने मुझे सप्लिमेंट्री डिमांड फॉर ग्रांट्स पर बोलने का मौका दिया है। मैं इस वर्ष 2020-21 के अनुदान बजट के पक्ष में अपनी बात को रखना चाहूंगा। मेरे से पहले सभी सदस्यों ने इस अनुपूरक मांगों के लिए कहा है, लेकिन मैं इसमें इतना कहना चाहूंगा कि 2 लाख 36 हजार करोड़ रुपये की अनुपूरक मांग, जो देश की वित्त मंत्री जी ने रखी हैं, कोरोना महामारी से लड़ने के लिए, स्वास्थ्य क्षेत्र में अनुसंधान करने के लिए, स्वास्थ्य विभाग में स्टार्ट-अप कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए इसमें लिया गया है।

पिछले सात महीनों से कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से पूरी दुनिया जूझ रही है। जब जनवरी में यह महामारी आई थी, तब से लेकर अब तक इस देश में 1,717 लैब्स केन्द्र सरकार ने बनाई हैं। मैं फाइनेंस मिनिस्टर को धन्यवाद देना चाहूंगा कि इतना बड़ा काम देश में हुआ है। मैं देश के प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में चलने वाली सरकार को धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने इस स्थिति को काबू में रख के बहुत सराहनीय काम किया है।

HON. CHAIRPERSON: Please conclude.

… (*Interruptions*)

श्री निहाल चन्द चौहान : सर, अभी तो मैंने स्टार्ट ही किया है। एक मिनट में ही मुझे खत्म करने के लिए कह रहे हैं? आप घंटी मत बजाइए, मैं जल्दी से खत्म कर दूंगा।

सभापति महोदय, देश के प्रधान मंत्री जी ने किसान, गरीब, श्रमिक, पिछड़े वर्ग के लिए गरीब कल्याण योजनाओं की शुरूआत की है। एक साल के अंदर केन्द्र सरकार द्वारा एक मजदूर का फ्री चैक-अप कराना बहुत बड़ी बात है। जो मजदूरी 182 रुपये थी, उसको भी 202 रुपये माननीय प्रधान मंत्री जी ने किया है। (व्यवधान) मैं उन्हें इसके लिए धन्यवाद देना चाहूंगा।

सर, मैं एक सुझाव देकर अपनी बात को खत्म कर दूंगा। (व्यवधान) मैं राजस्थान प्रदेश से आता हूं। राजस्थान प्रदेश में टिढ्ढी दल आया था। केन्द्र सरकार ने यहां खेत-खलिहान और मजदूरों के लिए 68 करोड़ रुपये के करीब जारी किए हैं। मैं समझता हूं कि राजस्थान सरकार ने अभी तक वहां का सर्वे करवा कर केन्द्र सरकार को रिपोर्ट नहीं भेजी है। मेरा दूसरा सुझाव यह है कि मैं पेट्रोल और डीज़ल को जीएसटी में लाने की वकालत करूंगा। धन्यवाद।

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Hon. Chairperson, Sir, thank you for giving me this opportunity to participate in the discussion on the Supplementary Demands for Grants.

This is the first batch of Supplementary Demands for Grants for the financial year 2020-21. The amount involved is around 2.36 lakh crore, out of which the cash outgo is Rs. 1,66,983.91 crore. The first clarification that I would like to seek is that it is being stated that there are 63 new entries for which stock and provision of Rs. 1 lakh crore has already been earmarked. I would like to seek this clarification about these 63 new entries, or new instruments of service.

Out of the total amount of Supplementary Demands for Grants, the major amounts are as follows. A sum of Rs. 46,602 crore is towards Revenue Deficit Grant. I would like to seek a clarification from the hon. Finance Minister that whether the Government did not foresee this expenditure. It is because the Revenue Deficit Grant is a grant which is allowable or is an entitlement for the States. I would like to know whether the Government did not foresee this expenditure of Rs. 46,602 crore as Revenue Deficit Grant. In short, the additional expenditure of Rs. 2.36 lakh crore will constitute 0.9 per cent of the total GDP in the current financial year.

Sir, coming to the macro economic factors, I would like to make a very important point and that is about the Gross Domestic Product (GDP) for the growth rate of the country. The state of economy of India is alarming. Twenty-four per cent contraction in the economic size is a big challenge for the country and we have to face it. Yes, we can understand that one of the reasons for the economic crisis is the COVID-19 pandemic situation.

But the decline of the economic growth had started since long. I would like to cite an example about pre-COVID pandemic. For the financial year 2019-20, you may kindly see that during the first quarter, GDP was 5.2 per cent; during the second quarter, it was 4.4 per cent; during the third quarter it was 4.1 per cent; and during the fourth quarter it was 3.1 per cent. So, even before this pandemic in India, the economic growth was declining like anything. Gradual decline was there. So, the Indian economy was in deep trouble even before the pandemic induced lockdown because the lockdown began on 21st March 2020. …(*Interruptions*)

I will come to another point about the fiscal deficit and then I will conclude. I am not going into the statistical figures. The fiscal deficit is going to touch seven per cent of GDP in financial year 2020-21 and the reason is also very clear. Now, two per cent of the GDP is being given to all the State Governments to borrow. If that also is allowed, then definitely the deficit could reach to around 12 per cent of GDP and that will be another alarming situation. …(*Interruptions*).

I am on my last point. Give me a minute. …(*Interruptions*). Regarding the Atmanirbhar Bharat Abhiyan scheme, I appreciate the scheme. When the hon. Finance Minister and the State Finance Minister were declaring the Atmanirbhar Bharat Abhiyan, the entire people of the country were before the television to see what was happening and what was being announced. Rs. 2 lakh crore has been announced for the MSME. …(*Interruptions*). Sir, this is regarding the cashew industry …(*Interruptions*) one second …(*Interruptions*); Rs. 2 lakh crore is being allocated for MSME as credit facility, and out of that, Rs. 20,000 crore is for the NPAs. Cashew industries in Kerala are in distress and they are generating NPAs. So, I would like to appeal to the hon. Finance Minister that the cashew industries are taken into consideration for their revival. …(*Interruptions*).

HON. CHAIRPERSON : Now, Mr. Bhagwant Mann.

… (*Interruptions*)

SHRI N. K. PREMACHANDRAN: Sir, I am just concluding. The GST compensation to the State of Kerala was Rs. 7,000 crore upto July. That may kindly be given.

With these words, I conclude my speech.

श्री भगवंत मान (संगरूर): सभापति जी, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। समय का अभाव है और मेरी पार्टी को समय भी कम मिलता है। चूंकि बहुत बड़े-बड़े भाषण हो चुके हैं, मैं उनको रिपीट नहीं करना चाहूंगा। मैं गागर में सागर बंद करना चाहूंगा। मैं कुछ लाइनें बोलना चाहूंगा, उनमें सब कुछ है। मुझे उम्मीद है कि आपको बैल बजाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, अगर कृपया ध्यान से सुन लिया जाए।

देश की जीडीपी माइनस है, सरकार हर मुद्दे साइलेंस है,

आज-कल करते नहीं हैं, वह काले धन की बात,

जनता की सुनते नहीं है, सिर्फ करते हैं अपने मन की बात,

जिसको सुन-सुनकर अब तो दुखी आकाशवाणी रेडियो के माइक हो गए,

लेकिन सरकार जी एक बात आपको माननी पड़ेगी कि,

इस बार आप सोशल मीडिया पर लाइक से ज्यादा डिसलाइक हो गए,

देश के बेरोजगारो पकौड़े तलो और भारतीय नस्ल के कुत्ते पालो,

सरकार जी अपनी हर योजना की नाकामी को कोविड के कंधे पर डालो,

न तालियों से, न थालियों से कोरोना गया,

न टॉर्च और मोमबत्ती की दिवालियों से कोरोना गया,

हां, इस बात से आप गोदी मीडिया के तो नायक हो गए,

लेकिन एक बात आपको माननी पड़ेगी कि

आप लाइक से ज्यादा डिसलाइक हो गए,

लोग कह रहे हैं कि चाइना की तरफ से आने वाली

असली गोलियों को रोकने का प्रबंध करो,

सरकार कह रही है कि पहले नकली गोलियों वाली पबजी बंद करो,

हमारा चाइना के सामान के साथ तो धार्मिक नाता है,

क्योंकि रावण, मेघनाथ और कुम्भकरण का पुतला भी तो वहीं से बनकर आता है।

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल): माननीय सभापति महोदय**,** मैं अपनी बात यहां रख रहा हूं। महाराष्ट्र राज्य सबसे ज्यादा कोविड -19 से प्रभावित है। महाराष्ट्र में 1 सितम्बर से केन्द्र सरकार द्वारा मेडिकल फैसिलिटी बंद कर दी गई है। जबकि महाराष्ट्र सरकार का लगभग 29 हजार करोड़ रुपये जीएसटी एवं अन्य टैक्स से केन्द्र सरकार से आना बाकी है। मैं महाराष्ट्र को सहयोग करने की मांग करता हूं।

मेरी दूसरी बात यह है कि जो एमपीलैड्स फंड बंद किया गया है, मैं एमपीलैड्स फंड चालू करने की मांग करता हूं। कोविड -19 से सभी राज्य प्रभावित हैं।

आखिर में, मैं बोलना चाहता हूं कि एयरपोर्ट, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम, रेलवे, पोर्ट, एलआईसी और ऑयल कम्पनीज़ का हिस्सा केन्द्र सरकार बेच रही है। सरकार के आने से पहले एक घोषणा की गयी थी- "न बेचूंगा, न बेचने दूंगा।" अब आप सब बेच रहे हैं। सरकार के द्वारा राज्यों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धन्यवाद।

***SHRI D.K. SURESH (BANGALORE RURAL):** Hon. Speaker sir, thank you for allowing me to speak on the discussion on Supplementary Demands for Grants for the year 2020-2021.The hon. Finance Minister has presented the Supplementary Demands for Grants to take the approval of Parliament which is to the tune of Rs. 2.36 lakh crore.

Sir, I would like to say that the Central Government has completely failed to sustain the economy of the country. The States are made to suffer the huge burden of debt due to wrong policies of the Government. COVID-19 pandemic, flood and droughts, all these have pushed the States into great financial crisis. Under these circumstances, yesterday, the Union Government has passed two bills which are not at all beneficial to the people or the farmers of the country.

Under Atmanirbhar Bharat Abhiyan, the Union Government assured that Rs. 5 lakh crore will be allocated for the welfare of farmers and also for the development of agriculture sector. However, it is not true as the Government has taken into consideration of the loans availed by farmers from the cooperative banks and societies much before this announcement of Atmanirbhar Bhartat Abhiyan Yojana. In this way, the Union Government is misleading the people of the country by giving wrong information.

Sir, as ours is an agriculture dominant country, the farmers need financial support for taking up farming every now and then. To meet this demand, they used to take crop loan from nationalised banks by pledging their gold jewels. In turn they were getting Interest subsidy under the Interest Subvention scheme for the said loan. However, the Union Government has deprived farmers of this facility

as the nationalized banks are denying the crop loan after pledging of gold by farmers. I want the reply for this from the hon. Prime Minister and the hon. Finance Minister.

Another example of how the Union Government is doing injustice to the people of the country is that it has imposed cess of around Rs.10 to Rs.12 on petrol and diesel overnight. This is nothing but exploiting the people of the country who have been suffering from COVID-19 lockdown and other natural disasters.

Sir, we are all aware that in the previous year the GDP of the country has gone down by 3.1 %, it was much below than the projected estimate for the last year. This year again the GDP has gone down to -23%. So, there is no point in appreciating the hon'ble Prime Minister for this dismal achievement.

It is only showing that how the government has failed in managing the economy of the country. The Union Government has announced that they would give special package for the farmers through co-operative bank but they are not giving anything. Instead the government is taking all the steps which would badly affect the cooperative federalism of the country by taking away the constitutionally guaranteed rights of the State Governments. During the imposition of lockdown in India, all the labourers and daily wagers from urban areas have returned to their native villages. Indeed, it has helped the agriculture sector to see progress as sufficient number of labourers were available for taking up agriculture and allied activities. As a result of increased farm activities, there is more demand for fertilizers, pesticides, quality seeds and other inputs in large scale. However, the Government is not paying attention to provide all these inputs. That is the reason why there is a huge shortage of fertilizers and other inputs in the country. Farmers are forced to pay more money to buy the inputs as there is rampant black marketing of chemical fertilizers in the country. So, this is causing severe burden to the farmers.

Another failure of the government is relating to the privatization of Railways, LIC, Aviation sector etc., this step is being taken by the Government at a time when the country is facing suffering from COVID-19 pandemic crisis. On the other hand, it is not taking steps to create job opportunities for the youth.

The hon. Prime Minster promised that he would create two crore jobs for the youth of the country but now there is no job creation. Instead, the jobs are being taken away from the Government by pushing the public sector undertaking into the hands of private investors. In the wake of COVID-19 lockdown the unemployment rate has gone up to an all time high. The Government has not paid unemployment allowance to youths. Under these circumstances, privatizing Public Sector Undertakings is not good for the country.

I urge upon the Union Government to release more funds to the State of Karnataka which is badly affected due to floods. The State sought for Rs.4000 crores financial assistance for taking up the flood relief activities. However, the Union Government has given only Rs. 300 crore to Karnataka.

Also, the union government has not paid the State of Karnataka its due in the Central share as recommended by the Finance Commission.

So, I request the Union Government and the hon. Finance Minister to look into this and release, at least, fifteen thousand crore rupees immediately for flood relief activities and also to clear all the dues including the Central share to the State of Karnataka.

I would also like to request the Government to increase the number of days to 200 in the MGNREG Scheme. So, it would be beneficial for the poor people, who could not get any employment during the lockdown imposed in the wake of Covid-19 pandemic.

With these few words, I conclude my speech. Thank you, Sir.

कुंवर दानिश अली (अमरोहा): धन्यवाद सभापति महोदय, आपने मुझे सप्लीमेंटरी डिमांड्स फोर ग्रांट्स पर बोलने का मौका दिया।

महोदय, मैं दो-तीन बातें आपके माध्यम से माननीय वित्त मंत्री जी से कहना चाहता हूं। कल के ही मेरे सवाल के जवाब में माइनोरिटी अफेयर्स मिनिस्टर ने जवाब दिया है। उसमें जो ग्रांट्स उत्तर प्रदेश को जाती है, वह पिछले पांच साल में 50 प्रतिशत घट गयी है और यूपी गवर्नमेंट का पिछले साल का यूटिलाइजेशन सिर्फ 9.9 परसेंट है। क्या इस तरह से आत्मनिर्भर भारत बनेगा?

मेरा दूसरा सवाल माननीय वित्त मंत्री जी है, राजेन्द्र अग्रवाल जी यहां बैठे हैं, हम दोनों दिशा की बैठक में साथ थे। एग्रीकल्चर सेक्टर की स्कीम्स में एक भी पैसा किसी स्कीम में यूपी गवर्नमेंट को एलोकेट नहीं हुआ है। मैं माननीय वित्त मंत्री जी से यह भी कहना चाहूंगा कि जामिया मिलिया इस्लामिया इस बार 100 वर्ष पूरे कर रहा है। आजादी के आंदोलन से उपजा हुआ वह विश्वविद्यालय है। मेरी आपके माध्यम से माननीय वित्त मंत्री जी से डिमांड है कि वर्ष 2015 में इसी सरकार ने बहुत अच्छा काम किया था।

इस देश में यह रिवायत रही है कि जब कोई विश्वविद्यालय 100 वर्ष पूरा करता है, तो उसको 100 करोड़ रुपये की स्पेशल ग्रांट्स दी जाती है। वर्ष 2015 में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय को दी गई थी। मेरी यह डिमांड है कि जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय को भी, जिसने इस बार एमएचआरडी की रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त किया है, उसको 100 करोड़ रुपये की स्पेशल ग्रांट्स दी जाए।

महोदय, मैं सिर्फ एक बात और कहना चाहता हूं कि यहां पर 'पीएम किसान सम्मान निधि योजना' की जो घोषणा हो रही है, मेरे जिले में पहली इन्स्टॉलमेंट 1,85,000 किसानों को मिली है। लेकिन वह घटते-घटते जो आखिरी और छठी इन्स्टॉलमेंट मिली है, वह केवल 47,000 किसानों को ही मिली है। यह सरकार कहीं न कहीं किसानों को...* बनाने का काम कर रही है।

सभापति महोदय, मेरी आपके माध्यम से यही गुजारिश है कि जो कोरोना का संकट आया है, मेरे अमरोहा क्षेत्र में जो कॉटन बेस्ड इंडस्ट्रीज़ हैं, जिसमें हजारों-लाखों गरीब काम करते हैं, उन्हें इलेक्ट्रिसिटी की सब्सिडी मिलती थी, इस कोरोना काल में बिजली की सब्सिडी भी खत्म कर दी गई है। मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि कॉटन बेस्ड इंडस्ट्रीज़ के जो मजदूर हैं, जो किसान हैं, उनको उनका हक दिया जाए, तभी आत्मनिर्भर भारत बनेगा। जब किसान और मजदूर आत्मनिर्भर बनेंगे, तभी भारत आत्मनिर्भर बन सकता है।

(व्यवधान)

श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली) : अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय और जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय में रिज़र्वेशन भी मिलना चाहिए। (व्यवधान) आपको इसकी भी मांग रखनी चाहिए। (व्यवधान) आपको यह भी मांग रखनी चाहिए थी कि (व्यवधान) अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय और जामिया विश्वविद्यालय में रिज़र्वेशन मिलना चाहिए। (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Bidhuri*ji,* please sit down. The hon. Minister is going to reply.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Bidhuri*ji,* please sit down. The time is limited. Nothing is going on record except the statement of hon. Finance Minister.

…(Interruptions) …[*]

HON. CHAIRPERSON: Nothing is going on record. Only the Finance Minister's Statement is going on record.

*…(Interruptions) …**

HON. CHAIRPERSON: Danish Ali*ji,* please sit down.

…(Interruptions)

HON. CHAIRPERSON: Ramesh*ji,* nothing is going on record except the hon. Finance Minister's speech.

*…(Interruptions) …**

HON. CHAIRPERSON: Mann*ji,* please sit down. Nothing is going on record except the hon. Finance Minister's reply.

*…(Interruptions) …**

HON. CHAIRPERSON: Bidhuri*ji,* please maintain silence.

…(Interruptions)

HON. CHAIRPERSON: Everything is over now. Danish Ali*ji,* you are a senior Member; please sit down.

…(Interruptions)

HON. CHAIRPERSON: Please sit down, and maintain silence. Bidhuri*ji,* please maintain silence. The hon. Finance Minister is replying.

…(Interruptions)

***DR. T. SUMATHY (A) THAMIZHACHI THANGAPANDIAN (CHENNAI SOUTH):** Hon. Speaker, Sir, the Finance Ministry had issued an order in the first week of June that no new scheme/sub-scheme, whether under delegate power of administrative Ministry including SFC proposals or through EFC, should be initiated this year (2020-21) except the proposal announced under Pradhan Mantri Garib Kalyan Package, Aatma Nirbhar Bharat Abhiyan Package and any other special package announced.

This means, the initiation of new schemes already appraised/approved will remain suspended for one year till March 31, 2021 or till further orders, whichever is earlier. This is applicable for those schemes as well for which in-principle approval has already been given by the Department of Expenditure. Approval of the Parliament is sought to authorise the First Batch of Supplementary Demands for Grants for 2020-21 under the extraordinary circumstances due to COVID-19 crisis.

The total allocation of SDRMF (2020-21) in Tami Nadu is Rs.1,360 crore of which Rs.1,020 crore is the Central share and Rs.340 crore is State share. Tamil Nadu, being one of the most vulnerable States in the country, requires more funds from the Centre. But the Centre had not released amount under certain Centrally sponsored schemes for which the Government of Tamil Nadu had already spent. This will create a big hole in Tamil Nadu Budget in the coming year.

The Union Government has yet to release an amount of Rs.17,000 crore to Tamil Nadu as part of its share for Centrally sponsored schemes or towards reimbursing the money spent by the Government of Tamil Nadu. Tami Nadu is yet to get post/pre-matric scholarship funds of Rs.1500 crores meant for SC/ST students. Similarly, in School Education Department, Rs.1200 crore is yet to released.

Under the Swachh Bharat Mission (Gramin), an amount of Rs.600 crores, is still pending from the Central Government. A total amount of about Rs.1500 crores is yet to be released under the revised restructured Technology Upgradation Funds Scheme (TUFS)

to entrepreneurs in Tamil Nadu.

Sir, it is either due to the lackadaisical approach of the Government of Tamil Nadu and indifferent approach of the Union Government or by both. But we cannot just play like that with lives of the people, poor and downtrodden, SC/ST students, farmers and fisher folks, textile workers and MSME people. People of Tamil Nadu deserve better.

Sir, any delay in the release of funds sanctioned will not only affect the proper implementation of Centrally sponsored schemes but adversely affect the socio-economic and educational status of the beneficiaries. Therefore, I urge upon the Union Government to expedite the release of Rs.17,000 crores dues to Tamil Nadu and to avoid any such shortfalls in the approved Central share release in future.

Lots of efforts have to be taken under Chennai Rivers Restoration Trust (CRRT) to reduce the sewage let into the rivers and other water bodies of Chennai mega city. Creation and restoration of water bodies in Chennai and adjoining areas at the cost of Rs.500 crores and restoration of Chennai waterways at the cost of Rs.10,000 crores are the need of the hour.

The Cooum river restoration project had to be implemented at a total cost of Rs.3,833.62 crore in five years with Chennai River Restoration Trust as the nodal agency. But nothing has been done concretely so far to implement such an important programme. Apart from the Adyar River Eco-Restoration Project, Rs.150 crore was allocated out of the Environment Protection and Renewable Energy Fund to restore lake, water bodies in Chennai and other Cities, including Rs.42 crore for restoration of Chetpet Lake.

The Remediation/closure of Perungudi/kodungaiyur dump yards at the cost of Rs. 150 crores and Greenfield Regional Landfill and waste Processing Facility at the cost of Rs. 150 crores and an integrated waste collection and Transfer at the cost of Rs. 200

crores.

The 100 per cent sanitized and open defecation free city project at the cost of Rs.300 crores and Slum-free city program at the cost of Rs. 25000 crores include 100 per cent sewerage coverage program at the cost of Rs. 7000 crores.

The Department of Fisheries in Tamil Nadu has pioneered many fishery development activities in India. The Union Government has promised to form a separate Ministry to develop and conserve the fisheries' resources and to ameliorate the socio-economic status of the fishermen community.

The allocation made for important Central schemes like Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation (AMRUT), Smart Cities Mission, (iii) Pradhan Mantri Awas Yojana Urban (PMAY-U), (iv) Swachh Bharat Mission Urban (SBM-U), and Deendayal Antyodaya Yojana-National Urban Livelihood Mission (DAY-NULM) is inadequate and insufficient to execute the ambitious targets set by the sloganeering Government.

Sir, under AMRUT Scheme, the Centre has not allocated adequate funds except few crores and the Government of Tamil Nadu has not done any noticeable work under this Scheme. This is the sorry state of affairs of the implementation of this Scheme.

The Smart Cities Mission lags way behind both in allocation of funds and execution of works. Under this Scheme, Government of India have selected 11 cities in Tamil Nadu to be developed as Smart Cities which includes Chennai, Coimbatore, Madurai, Thanjavur, Salem, Vellore, Tiruppur, Thoothukudi, Tirunelveli, Tiruchirappalli and Erode.

Sir, due to the lack of coordination between the different corporations and Tamil Nadu Urban Finance and Infrastructure Development Corporation Ltd. (TUFIDCO) as well as due to the political interference, the smart cities project in Tamil Nadu is non-

starter. There is an urgent need for proper devolution of funds from the Centre and allocation and proper utilisation of funds by the Government of Tamil Nadu. Otherwise, reaching the desired targets in Smart Cities Mission is a distant dream.

Out of 378 projects sanctioned at a cost of Rs.10,379.14 crore, 63 projects at a cost of Rs.248.09 crore have been completed, 199 projects at a cost of Rs.5,502.40 crore are under execution and the remaining projects are under various stages of implementation. I would like to place on record in this august House that under the Smart City Mission, all the 11 cities of Tamil Nadu are totally neglected.

PMAY-U is an Affordable Housing Scheme being implemented from 2015 to 2022. The budgetary allocation towards the scheme for 2020-21 is Rs. 8,000 crore. But till December 2019, 103 lakh houses have been approved. Of this, as per the Government's data only 31% houses have been constructed. That means, the implementation of this Scheme is going at snail's pace and the Governments both at the Centre and State are doing publicity gimmicks only. The percentage of beneficiaries is very less and negligible compared to the Mission targets.

Sir, more than 35 per cent of Chennai population live in slums. Chennai metropolitan population has grown from 2.64 million in 1971 to 6.5 Million as of now. The expansion of Chennai Metropolitan Development Area (CMDA) from 1,189 square kilometres to 8,878 square kilometres has increased slum population eight-fold. Slums present the most unhygienic, ugliest, nauseating scene. During rainy season, the whole area gets flooded, the pathways become swampy and the entire colony becomes a fertile breeding place for mosquitoes, exposing the slum dwellers living in the area to all sorts of diseases. During summer, the thatched huts are prone to fire accidents. Thus, the slum dwellers’ life is the most miserable one.

The major factor contributing the development of slums is the lack of employment in rural areas and rapid urbanisation. People migrate from their hometown to Chennai and get employed in different unorganised sectors.

The Government did not have any policy for the welfare of slum dwellers until our visionary leader, Dr. Kalaignar, empowered the government to protect the rights of slum dwellers from eviction or relocation in 1971. The policy helped in created Tamil Nadu Slum Clearance Board (TNSCB) in 1971.

The Tamil Nadu Town and Country Planning Act, 1971 mandates a review of the Master Plan in every five years. This was not taken up by the CMDA and the Tamil Nadu Government. The CMDA has forgotten to address the changes due to climate change, urbanisation, and Chennai's expansion. Most of the slums do not have drainage facilities and open toilets are widely used, resulting in spread of diseases. The slum dwellers of Chennai are the worst affected due to very heavy rains, frequent floods and cyclonic storms during monsoons.

Development for the urban poor is beyond the provision of social housing. It involves the improvement of people's capacities within the urban sphere. This requires around 1.5 lakh houses with all the associated infrastructure facilities for providing quality education to medical care to create Smart Slums in Chennai Metropolitan Area.

I, therefore, urge the Government to take appropriate steps to provide funds for the construction of 1.5 lakh houses under the Pradhan Mantri Awas Yojana - Housing for All (Urban) and also initiate the Smart Slums Programme under the Smart Cities Initiative in Chennai metropolitan area which cover my South Chennai constituency.

The much publicised and projected, Swachh Bharat Mission (SBM) to eliminate open defecation is also falling in gutters. The Government's proclamation of achieving 100 per cent scientific management of municipal solid waste in all 4,041 statutory towns by October 2, 2019 has gone in thin air.

In 2020-21, Rs. 2,300 crore has been allocated towards the Scheme. The total estimated cost of implementation of SBM-U is Rs. 62,009 crore but the results achieved so far do not justify both allocation and proclamation. I do not know whether the Government could continue this scheme considering the extraordinary situation due to COVID-19 as the country’s GDP witnessed an abysmal fall.

Sir, Chennai, a thriving metropolis, is also known for its diverse ecosystem. The Pallikaranai marshland covering a geographical area of 80 square kilometres is one of the most significant wetland ecosystems which play an important role in the natural drainage systems in South India. Unfortunately, mindless damages have been done to its environment, making its very existence uncertain in future. It is most unfortunate that the Government at the State is the biggest culprit in the last decade. The lack of scientific approach coupled with inept and corrupt state Government made the things bad to worse and the disaster is awaiting.

The marshland has come under serious threat due to the developmental programmes adopted by the Government. Major problem faced by the marsh is the dumping of municipal wastes. The Corporation of Chennai is dumping about 2,200 tonnes of garbage in landfills right over the marsh. Besides, due to a sewage treatment plant which is located in this region, 32 million litres of untreated sewage are being let into the marsh on a daily basis. This has done an irreparable damage to the Pallikaranai marsh, which is most vulnerable to encroachment and degradation.

“If you mess with nature, it messes with you”. This suits best for Pallikaranai marshland. At present, the Chromium content in the land and groundwater is hazardously high and the air quality is too deteriorated and it exceeds the healthy limits by manyfold.

Due to rapid urbanisation and industrialisation, Pallikaranai marshland was reduced to one-tenth of its original extent. The presence of a major dump-yard and sewage treatment plant operated in the ecologically sensitive areas of Pallikaranai marsh poses a great threat to the biodiversity of the wetland. If the landfills are closed and sewage treatment plants relocated, the damage can be curtailed. The Madras High Court, in one of its recent verdicts, has ruled for the protection and preservation of 1,716 acres of marshland.

As a first real effort to protect the wetlands, Dr. Kalaignar's Government declared 317 hectares (780 acres) of the marsh as a reserve forest on 9th April, 2007 (Gazette notification G.O.Ms.No.52, dated 9 April 2007) under the Forest (Conservation) Act of 1980 and brought under the jurisdiction of Tambaram range, a separate range in Chengalpattu Forest Division with headquarters at Pallikaranai.

The Government of Tamil Nadu, in its State Budget of 2019-20, has allocated Rs.165.68 crore for restoration of the Pallikaranai marshland. But none of the projects announced so far to protect Pallikaranal marsh lands have been property done.

Therefore, I urge the Union Government to initiate immediately a comprehensive biodiversity protection and conservation project under the National Wetland Conservation Programme to save the marshland of Paliikaranal.

Given the pace of urbanisation, large capital investments are needed for infrastructure projects which include support from Central and State Governments in the form of capital grants.

Sir, Tholkappia Poonga or Adyar Eco-Park in the Adyar estuary area of Chennai is the brain child of our mercurial leader, Dr. Kalaignar and Thalapathy M.K. Stalin. The remarkable Poonga which acts as the oxygen factory of Chennai, is located in my South

Chennai constituency. The project envisages the restoration of vegetation of Adyar estuary and creek, and the beautification of 358 acres of land once discarded by the local people as city's sewage and effluence dumping ground.

The Eco Park was inaugurated on 22 January, 2011 by Dr. Kalaignar and named after the renowned Tamil scholar, Tholkappiar. 500 acres of undisturbed tropical dry evergreen forest remain in Tamil Nadu and the Eco Park, serves as a significant conservation effort to bring this vegetation back to the Coromandel coast. But the present State Government has almost jeopardised the priority accorded to this very important eco restoration project in the heart of Chennai city. Though two-and-a-half years passed after the Government of Tamil Nadu announced Rs.555.46 crore for executing the third phase of Adyar river restoration project, the project is still very much wanting. Therefore, I urge the Union Government to provide necessary financial and technological support through the Central agencies and sanction Rs.500 crores for the development and expansion of Tholkappiar Poonga and to expedite the Adyar River Restoration Project.

In 2020-21, Rs.20,000 crore has been allocated towards metro projects. This is a 6 per cent increase over the revised estimates of 2019-20. As of December 20, 2018, there are 27 on-going metro rails that have been set up as a 50:50 joint venture between the Central Government and respective State Governments. These have a total approximate completion cost of Rs 3,36,954 crore.

The metropolitan Chennai has been growing rapidly and traffic volumes have increased greatly. To promote and ease public transport of various forms including metro rail and to ensure that the share of public transportation in Chennai city is substantially increased, top most priority was accorded by our beloved leader, Dr. Kalaignar during his golden reign.

A detailed feasibility report for the expansion of the Chennai Metro Rail Project Phase II along 3 corridors - North West to South East; West to East; and an orbital corridor for a length of 118.9 kms. at an estimated cost of Rs.69,180 crore is very important for the

people of Chennai, particularly my South Chennai constituency which extends up to Sholinganallur and beyond.

Also, the integration of the Chennai Mass Rapid Transit System (MRTS), with the Chennai Metro Rail is desirable and would enable effective synergies between various modes of public transport and increase share of public transport.

I urge upon the Government to support the Phase II of the Metro Rail Project of Chennai and to ensure that all necessary clearances are provided expeditiously to fulfil the dream and aspirations of the people of Chennai to provide the much-needed fillip to the public transport system in the Chennai metropolitan city. I urge the Union Government to expedite the Phase-II of Chennai Metro Rail Project.

The Chennai metropolitan city is bursting with almost one crore people and also has a huge floating population converging from all corners of Tamil Nadu, India and world over. Unfortunately, the capacity of the city roads to handle the surging population of people and vehicles continues to be same and awfully inadequate, resulting in frequent traffic snarls and blockades. The people of Chennai city are often marred with traffic congestion, aging and worn-out road infrastructure and pedestrian-vehicular conflicts.

South Chennai constituency is formed by a major part of Chennai metro city and is affected very badly due to frequent traffic snarls, road blocks due to pedestrian-vehicular conflicts occur at Virugambakkam, Valasaravakkam, Vadapalani, T.Nagar, Adayar, Velacherry, Tharamani, Thiruvanmiyur, Perungudi and Sholinganallur road junctions. Chennai city has become the worst affected city due to frequent road accidents and fatal deaths. The Government of Tamil Nadu is blind and crippled.

The Chennai metropolitan city desperately requires several new impetuses in urban road infrastructure to mitigate traffic hurls and pedestrian-vehicle conflicts in almost all the road junctions.

Sensing the need for a skywalk or Foot Over Bridge demand for the same was proposed by several civic organizations and NGOs. Two years over, nothing has happened in bringing the proposal into reality. Skywalks with escalators and travelators are the need of the hour and should be established under the Smart Cities Mission. However, it is learnt that no such efforts were taken under Smart Cities Mission so far.

The Chennai Metropolitan Development Authority is all set to draw up a Third Master Plan for the Chennai Metropolitan Area (CMA) whose size would increase seven-fold. In these circumstances, I urge the Union Government to take necessary steps to expedite the sanction and construction of skywalks, Foot Over Bridges with escalator and travelator facilities at all the vantage road junctions in my South Chennai Constituency. As a member of Parliament from Chennai South parliamentary constituency, I urge the Hon. Minister once again to expedite the second phase of Chennai Metro Rail Project. I would also request the Union Government to set up a vigilance inquiry by Central agencies to find out how much funds allocated through the various Central schemes were siphoned by the corrupt agencies in Tamil Nadu, like what has happened in the PM Kisan Samman Yojana recently. Thank You.

*__DR. KALANIDHI VEERASWAMY (CHENNAI NORTH):__ Though the Supplementary Demand for Grants is almost a ritual every year, the handling of the current year by the Government, especially, during the global pandemic of COVID-19 -- which has affected India more than most other countries -- leaves us wondering if things could not have been better handled by this Government.

The decision to cut the salaries of Members of Parliament is more symbolic than of actual value as it will yield only less than Rs. 500 crore. However, the decision to cut the MPLADS for two years is shocking as this is the peoples fund provided for by the

Constitution of India, and depriving the people of their rightful funds is deplorable. This amounts to almost Rs. 10,000 crore. The decision to proceed with construction of the new Parliament building amounts to spending MPLADS for the Parliament building construction and not to combat the health and economic fallout of COVID-19. I would urge the Government not only to rescind the decision to deprive the people of MPLADS, but to enhance the amount from Rs. 5 crore to Rs. 10 crore.

